15122023-Isp-01_Layout 1 12/14/2023 10:16 PM Page 1


हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री


12 ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए किया गया जागरुक





11 एक हजार ईसा पूर्व महापाषाणीय स्मारकों ...






## खबर संक्षेप

### समीक्षा बैठक आज

**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे आयोजित की गई है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### नाहंदा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आज से

**अंडा।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर के तत्वावधान में आज से ग्राम पंचायत नाहंदा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 3 बजे से शुरु होगा। मुख्य अतिथि मंजू महेन्द्र सोनकर सरपंच ग्राम पंचायत नाहंदा होंगी, अध्यक्षता एमएल देशमुख प्राचार्य माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही करेंगे।

### पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह 17 को

**गुरूर।** जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का अयोजन सिन्हा सदन गुरुर में 17 दिसम्बर को रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष चेतन भारती होंगे, अध्यक्षता संरक्षक हरदेव लाल दिल्लीवार करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपप्रांताध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रवाल, सीताराम सोनकुटिया, बीआर देवान, लीला पंचांगम, रामेश्वर ठाकुर, मेहत्तर राम मरकाम होंगे, सम्मेलन में छत्तीसगढ पेंशन समाज जिला बालोद के पधाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा 22 से

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार ( गुरुर ) निवासी कथावाचक कवि मोहन प्रसाद चतुर्वेदी का जिला कांकेर के ग्राम सुभियामुड़पार में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का अयोजन किया गया है। कथा 22 दिसंबर से प्रारंभ होगा, कथा का समापन 29 दिसंबर को होगा।

### कलेक्टर ने स्वीकृत की आर्थिक सहायता

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6–4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा,नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 03 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 4–4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को यथाशीघ्र करें। जारी आदेश में मृतक योगेश कुमार के पुत्र पुनम यादव बालोद, मृतक टाकेश्वरी सोरी के पति दुलेश्वर सोरी ग्राम मथेना तहसील डौण्डी एवं मृतक लोकेश कुमार की पत्नी केशरी बाई ग्राम हीरापुर तहसील बालोद को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### जिले के 57261 किसानों ने बेचा 2 लाख 21 हजार मीट्रिक टन धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 194 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 57 हजार 261 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 21 हजार 163 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 485 करोड़ 09 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 01 लाख 91 हजार 105 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 22 हजार 189 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 98 हजार 973 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 4511 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 18 हजार 839 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

# खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने ली सुध, शुरू हुआ स्कूल के अधूरे भवन का निर्माण

## डौण्डी ब्लाक मुख्यालय अंतर्गत सिंगनवाही पंचायत के आश्रित ग्राम फागुनदाह का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर फागुनदाह के बच्चों की समस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया। वहीं, इस संबंध में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और अधूरे भवन का कार्य पुनः प्रारंभ हो गया। जिले के डौण्डी ब्लाक मुख्यालय अंतर्गत सिंगनवाही पंचायत के आश्रित ग्राम फागुनदाह में बीते ढाई वर्षों से किराए के मकान में शासकीय प्राथमिक शाला संचालित हो रहा था। वहां, किराया नहीं देने पर मकान मालिक ने ताला जड़ दिया। उसके बाद स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे गांव में बने रंगमंच पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस संबंध में हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन किया। इस पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया और अब बच्चों की पढ़ाई के लिए भवन और बंद काम प्रारम्भ करने के रूप में देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत सिंगनवाही के आश्रित ग्राम फागुनदाह के शासकीय प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार का कार्य बीते दो वर्षों से कछुए की गति से चल रहा था, वहीं भवन निर्माण के दौरान गाँव का एक निजी भवन को बच्चों की पढ़ाई के लिए दिया गया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। वहीं, किराया नहीं मिलने से निजी भवन के मालिक ने ताला बंद कर दिया था।

**खबर का असर**

### रंगमंच पर पढ़ाई

इसके कारण बच्चों को रंगमंच का सहारा पढ़ाई करने के लिए लेना पड़ा था। इस संबंध में हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों को सामुदायिक भवन में पढ़ाने की व्यवस्था वैकल्पिक तौर पर की गई। इसके साथ ही भवन के जीर्णोद्धार का काम भी शुरू कर दिया गया है।


स्कूल भवन की मरम्मत में लापरवाही, रंगमंच में पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन की मजबूरी

### प्रसाधन की समस्या बरकरार

हालांकि बच्चों की पढ़ाई के लिए सामुदायिक भवन पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, लेकिन अभी भी छात्र-छात्राओं को शौचालय के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था सामुदायिक भवन से लगे रंगमंच में की गई है। वहीं, स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक भी प्रसाधन के लिए दूसरों के घरों पर निर्भर है। उधर, ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य फर्श पर टाइल्स लगाने के साथ प्रारम्भ तो हो चुका है, लेकिन इसके अलावा बिजली फिटिंग और रंग रोगन का कार्य भी अभी पूरी तरह से अधूरा पड़ा हुआ है।

**आरोप :** झलमला से कुसुमकसा होकर शेरपार की ओर पहाड़ काटकर बनाई जा रही है सड़क

# सड़क निर्माण में मांग नहीं सुनने व लापरवाही का आरोप, नाराज ग्रामीणों ने बंद करवाया काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

झलमला से कुसुमकसा होकर शेरपार की ओर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 930 सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस बीच सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों की उदासीनता के कारण नाली व टोवाल नहीं बनाने से नाराज ग्राम दानीटोला के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। उधर, काम बंद होने की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी गांव पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर ग्राम में सड़क के किनारे टोवाल व नाली निर्माण की प्रक्रिया जल्द चालू करने की सहमति दी, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। ग्राम दानीटोला के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के समय ही सड़क निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारियों को पहाड़ काटकर बनाई जा रही सड़क के कारण होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात का पानी सीधे ग्रामीणों के घरों में जाएगा। किंतु, ग्रामीणों की समस्याओं को नजरअंदाज कर सड़क निर्माण किया जा रहा था। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी डालने का काम रुकवा दिया। ग्रामीण पहले नाली व टोवाल निर्माण कराने की मांग पर अड़े रहे।

**काम बंद कराए जाने की जानकारी मिलने पर पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों को दिया आश्वासन**

**ग्रामीणों ने जताई आशंका नाली व टोवाल नहीं बनाने से घरों में घुसेगा पानी**



### नीचे हो गए ग्रामीणों के मकान

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक किलोमीटर पहाड़ को काटकर सड़क बनाई जा रही है। इससे ग्रामीणों का मकान नीचे हो गया है। उक्त सड़क निर्माण होने से बरसात के दिनों में पहाड़ काट कर बनायी गयी सड़क का पानी सीधे उनके घरों में जाएगा। इससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, घरों को नुकसान होने के साथ ही जनहानि की भी आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि टोवाल व नाली निर्माण कराने सड़क निर्माण के प्रारम्भ होने से मांग कर रहे है, कि लगभग 6 माह पूर्व ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बनाकर मांग पत्र भी सौंपा गया था, किंतु दिए गए मांग पत्र में कोई ध्यान नहीं दिया गया। सड़क निर्माण के लिए जब इस्टीमेट बनाया गया, तो इस्टीमेट बनाने वाले अधिकारी ने पानी निकासी के लिए प्रपोजल नहीं बनाया होगा।

### टोवाल व नाली का इस्टीमेट नहीं

निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय राज मार्ग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या की जानकारी देते हुए काम बंद किए जाने की बात बताई। उसके बाद अधिकारी ग्राम दानीटोला पहुंचे थे। नितिन ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राज मार्ग 930 ने ग्रामीणों को बताया कि निविदा की प्रक्रिया में उक्त ग्राम के सड़क के किनारे टोवाल व नाली का इस्टीमेट नहीं है। प्रपोजल बनाकर भेजे जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर राजेश चुरेन्द्र जनपद सदस्य, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, प्रकाश आर्य, रामगुलाल रावटे, महानन्द ठाकुर, मुकुंद गावड़े, रामधन खरे, परस राम खरे, भूषण कोमा, गोवर्धन, द्वारका खरे, प्रेमलाल कौमार्य, नरेंद्र उईके, सहदेव कौशिक, पुनीत खरे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# शक्कर कारखाना संचालक मंडल का चुनाव जल्द कराएं : देशमुख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- जिला गन्ना किसान संघ बालोद के संरक्षक ने की मांग

न्यायालय ने शक्कर कारखाने में संचालक मंडल के चुनाव में छगन देशमुख एवं आदेश्वर यादव का नामांकन निरस्त करने की प्रक्रिया को गलत करार दिया एवं संचालक मंडल के चुनाव व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि के चुनाव को अवैध घोषित कर चुनाव निरस्त करते हुए संचालक मंडल को भंग कर दिया है। वहीं, संचालक मंडल का पुनः चुनाव कराए जाने का आदेश 30 नवंबर को जारी किया। इसके बाद जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ के छगन देशमुख ने सहकारिता निर्वाचन आयोग से अतिशीघ्र चुनाव कराए जाने की मांग की है।

जिला गन्ना किसान संघ बालोद के संरक्षक छगन देशमुख ने आरोप लगाया है कि बालोद जिले मे स्थापित मां दंतेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में शासन द्वारा सहकारी शक्कर कारखाना में संचालन मंडल का चुनाव कराया गया। इसमें पिछड़ा वर्ग से छगन देशमुख एवं आदेश्वर यादव द्वारा संचालक पद के लिए क वर्ग से नामांकन दाखिल किया था। लेकिन, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा राजनैतिक दबाव के चलते एवं पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करते हुए एवं स्थानीय पूर्व विधायक बालोद द्वारा चुनाव कार्यक्रम में दखल देकर तानाशाही रैवया अपनाते हुए हम लोगों का नामांकन निरस्त करवा दिया।

छगन देशमुख ने बताया नियम विरूद्ध नामांकन निरस्त करने के कारण रिटर्निंग अधिकारी पर भी विभागीय कार्रवाई कर उन्हें दंड दिया गया एवं विभागीय कार्रवाई की गई। नामांकन निरस्त करने पर हम लोगों ने न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय ने भी नामांकन निरस्त करने की प्रक्रिया को गलत करार दिया एवं संचालक मंडल के चुनाव 9 जनवरी 2019 एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि के चुनाव 24 जनवरी 2019 को भी अवैध घोषित कर चुनाव निरस्त करते हुए संचालक मंडल को भंग कर दिया गया। इसके साथ ही संचालक मंडल का पुनः चुनाव कराए जाने का आदेश 30 नवंबर को जारी किया गया तथा जल्द ही संचालक मंडल का चुनाव कराने का आदेश पारित किया गया है। देशमुख ने सहकारिता निर्वाचन आयोग से शीघ्र चुनाव कराए जाने की मांग की है।

# शराब दुकानों के आसपास चखना सेंटर ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर में संचालित देशी शराब दुकान के आसपास कुकुरमुत्ते की तरह अवैध चखना दुकानों पर कार्रवाई कर हटा दिया गया। चुनाव परिणाम आने से पहले तक जहां लोगों को खड़ा होने की जगह नहीं मिल पाती थी, वहां अब सूना-सूना नजर आ रहा है। बताया जाता है कि जिम्मेदारों की शह पर वहां चखना की अवैध दुकानें संचालित करवाई जा रही थीं, जबकि शराब दुकान के 100 मीटर की दूरी तक कोई चखना सेंटर नहीं होने का नियम बताया जाता है। ऐसा बताया जाता है कि चखना संचालकों से अच्छी खासी वसूली की जाती थी। लेकिन, जैसे ही परिणाम आया और भाजपा की सरकार बनने जानकारी हुई, जिम्मेदारों द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सभी चखना सेंटरों को जमींदोज कर दिया गया। अब देखना यह होगा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद की गई यह कार्रवाई केवल शुरुआती दिनों के लिए है या फिर कानून का राज आगे भी कायम रहेगा।

# सुशासन दिवस के अवसर पर होगा बोनस राशि का भुगतान

## वनांचल ग्रामों में पहुंचे देवलाल ने जताया जनता का आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडी



भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर डौंडी मुख्यालय सहित विकासखंड के वनांचल क्षेत्र के ग्राम घोटिया, पटेली, माड़ियाकट्टा, भर्रीटोला सहित अनेक ग्रामों में आभार व्यक्त करने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर के साथ जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर तथा प्रदेश कार्यकरणी सदस्य किसान मोर्चा विशाल मोटवानी सहित अन्य उपस्थित रहे। श्री ठाकुर के वनांचल आगमन पर ग्रामीणों ने आत्मीयता से स्वागत किया। श्री ठाकुर ने कहा की प्रदेश की जनता ने भाजपा को सरकार बनाने जनादेश दिया है। प्रदेश में भाजपा की आप सभी कार्यकर्ताओं की सरकार बनी है। इसके लिए आप सभी को बधाई तथा शुभकामनाएं।

क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास भी किया जाएगा। चुनाव के दौरान जो भी घोषणा किया गया है उसका भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उनकी टीम द्वारा जल्द से जल्द पालन सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा के घोषणा अनुसार आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के अवतरण दिवस को सुशासन दिवस के दिन बोनस की राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से हेमंत साहू, विशाल कुलवंत, प्रकाश वैष्णव, टिकेश्वार साहू, मितेन्द्र वैष्णव, झनु साहू, केवल भारद्वाज, दिनेश सोनी, ज्ञानीक निषाद, सचिन साहू, तेज प्रकाश वैष्णव, दिनु माणिकपुरी, प्रकाश साहू, नंदु बघेल सहित ग्राम भर्रीटोला से नेमीचंद सेन, पवन साहू, सुरेश सेन, चेतन पवार, खिल्ली साहू, लोमश साहू, लिखन साहू, भुवन साहू, उमेश साहू, अशोक यादव, कौशल साहू सहित सरूक यादव, घनेन्द्र कुमार साहू, सितल चंदा, दिनेश कुरूटी, हेमलाल साहू, मोहन मानिकपुरी, लखन साहू तथा ग्राम मडियाकट्टा से रंजन कुमेटी, जीवन लाल, रोशन मसिया, कुशल कुमेटी, राजेंद कोसमा तथा पवन साहू, लोचन रावटे, मोहन निषाद तथा भेवन साहू उपस्थित रहे।

**16 लाख 15 हजार रुपए की लागत से हो रहा निर्माण, लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण**

# बुधवारी बाजार में लोगों को जल्द मिलेगी सुलभ शौचालय की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

बुधवारी बाजार में बन रहे सुलभ शौचालय सहित स्नानगृह का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। आगामी लगभग 2 माह बाद आम जनता को इसका लाभ मिलने की संभावना है। बचे हुए कार्यों को इसी तरह से तीव्र गति से करने से 2 माह के भीतर ही पूरा किया जा सकता है। आपको बता दें कि बुधवारी बाजार में सुलभ शौचालय की मांग काफी पुरानी है। लंबे समय से लोग यहां सुलभ शौचालय बनाने की मांग कर रहे हैं। खासकर महिलाओं को जो बुधवारी बाजार में सब्जी खरीदी बिक्री करने आते हैं उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुलभ शौचालय के बन जाने के बाद महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या दूर हो जाएगी। जानकारी के अनुसार सुलभ शौचालय और स्नानगृह निर्माणकार्य के लिए करीब 16 लाख 15 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे यहां सर्व सुविधायुक्त सुलभ शौचालय तथा स्नानगृह बनाया जा रहा है।



### मांस-मछली व्यापारियों में नहीं आया सुधार, खुले में छोड़ देते हैं अपशिष्ट

बाजार में मुर्गियों व मछली की दुकान लगाकर व्यावसाय करने वाले व्यापारी मुर्गी और मछली की कटिंग करने के बाद उससे निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों को बाजार में खुले जगह पर छोड़ देते हैं। कुछ व्यापारी तो नाली में ही डाल देते हैं, जिसके कारण आसपास के वार्डवासियों को बदबू से परेशान होना पड़ता है। लगातार शिकायत के बाद पालिका प्रशासन ने कई बार इन व्यापारियों को समझाइश भी दी है, लेकिन व्यापारी गंदगी को शहर से बाहर फेकने के बजाए बाजार में ही कहीं पर भी छोड़ कर चले जाते हैं।

### बुधवारी बाजार की सफाई व्यवस्था सुधारना जरूरी

आपको बता दें कि जिस स्थान पर यह सर्व सुविधा युक्त सुलभ शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, उसके आस पास सब्जी के थोक दुकान मंडी रोजाना लगती है। वहीं, मांस तथा मछली की दुकान भी यहीं पर लगाई जाती है। इसके कारण इस स्थान पर गंदगी रहती है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां रोजाना सफाई कराने और कचरा गाड़ी के माध्यम से कचरा को रोज उठाने का दावा किया जाता है, लेकिन मांस-मछली सहित अन्य हरी सब्जियों की दुकान लगाने वाले व्यापारी कचरे को बाजार स्थल पर ही खुले में छोड़कर चले जाते हैं, जिससे यहां गंदगी फैलती है।

# डोकला में कबड्डी प्रतियोगिता 23 को

**गुरूर।** ग्राम डोकला में युवा संगठन द्वारा 23 दिसंबर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7000 रूपये एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 5000 रूपये विनर कप एवं तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

RPR_Bhoomi_14_2023-02_Layout 1 12/14/2023 10:21 PM Page 1



खबर संक्षेप



## महापुरुषों की प्रतिमाओं की हुई साफ-सफाई

दुर्ग। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह द्वारा नगर के चौक चौराहों पर स्थित महापुरुषों, वीरांगनाओं की मूर्तियों को स्वच्छ रखने के लिए साईंद्वार के सामने रानी दुर्गावती की प्रतिमा की साफ-सफाई की। पश्चात रंगोली बनाया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। देशभक्ति गीत की प्रस्तुति एवं वंदे मातरम का गायन बहन प्रेरणा यादव एवं साथी के द्वारा किया गया।

इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सहसचिव श्रीमती रोहिणी पाटणकर, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव व कक्षा षष्ठ व द्वादश के प्रमुख भैया बहिनें विद्यालय के आचार्य, दीदियाँ श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती प्रभजीत कौर भाटिया, श्रीमती अशोक लता, विनोद, श्रीमती संध्या तिवारी, राकेश करसायल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## 17 को अग्निवीर भर्ती रैली शारीरिक दक्षता की परीक्षा

दुर्ग। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑन लाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। उक्त सीईई परीक्षा में दुर्ग जिले के लगभग 650 युवाओं का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए किया गया है। दुर्ग जिले के सैनिक जनरल ड्यूटी के अभ्यर्थी 17 दिसम्बर एवं ट्रेडमेन के अभ्यर्थी 20 दिसम्बर को पुलिस लाईन, खोखराभांठा जांजगीर में उपस्थित हो सकते है।

## 23 को अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान स्पर्धा

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 23 दिसंबर को भारत के संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर आधारित अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एवं संयोजक डॉ. प्रमोद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता की अवधि एक घण्टे की होगी, कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। प्रतियोगिता के प्रश्न भारत के संविधान एवं मानवधिकार विषय पर आधारित होंगे। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय से तीन प्रविष्टियाँ 20 दिसंबर तक महाविद्यालय के ई मेल पर प्रेषित किया जा सकता है। प्रतिभागी अपने महाविद्यालय के परिचय पत्र के साथ उपस्थित होंगे। विजेता प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संयोजक से संपर्क किया जा सकता है।

# बगैर व्यवस्थापन चल रहा बुलडोजर, बोरसी में हटाया अतिक्रमण

### सरकार बदलते ही रोजी-रोटी करने वाले पर फूट रहा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सरकार बदलते ही इन दिनों शहर के चौक चौराहों में बुलडोजर की आवाज से छोटे तबके के ठेले व खोमचे वाले सहम गए है। बगैर व्यवस्थापन किए निगम द्वारा इन दिनों रोजाना बुलडोजर चलाई जा रही है। जिससे कही कही पर नाराजगी भी सामने आ रही है।

कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। बुधवार को बोरसी क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान और तेज हो गया है।

ताबड़तोड़ कार्रवाई महाराजा चौक से बोरसी मार्ग में की गई। इस दौरान विरोध का प्रयास तो हुआ, लेकिन तोड़ूदस्ता व पुलिस बल के सामने उनकी एक नही चली। तोड़ूदस्ता ने खुले में मांस विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की। दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क सीमा के आगे तक तार फेंसिंग और पक्का चबूतरा बनाया गया था, जिसको निगम के तोड़ू दस्ता ने सख्ती से कार्रवाही की। टीन शेड डाल कर किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया।

### पहले भी की गई थी कार्रवाई

बोरसी रोड में पहले भी कार्यवाही की गई थी। बुधवार को महाराजा चौक से लेकर बोरसी रोड पर लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के बोर्ड को हटाया गया। महाराजा चौक क्षेत्र रोड पर विक्रय के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया गया। प्रचार प्रसार के लिए लोहे के बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा कर उत्पन्न करने वाले लगभग 40 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते रास्ते से हटाया गया।





### मिली थी अतिक्रमण की शिकायत

अफसरों के अनुसार नाली के उपर ईट व टीन शेड से अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिससे नाली की सफाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया गया। अवैध रूप से संचालित चिकन मटन, मछली दुकान सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बेदखल किया गया। साथ ही चौक-चौराहों के किनारे ठेला, फल और सब्जी बेचने वालों को दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई।

तैयारी : शिविर लगाकर लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास

# शिविर में बनेगा तीन लाख सदस्यों का आयुष्मान कार्ड

### लाभार्थी करेंगे अपने अनुभव को साझा, बना अस्सी फीसदी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिले में आयुष्मान कार्ड योजना से वंचित लोगों को लाभ देने गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। गांव में ही शिविर के जरिए हितग्राहियों को मौके पर ही तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जाएगा। आगामी दिनों संभवतः पन्द्रह से 25 दिसंबर तक जिले में सवा तीन लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का टारगेट रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि, केन्द्रिय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए आगामी दिनों जिला प्रशासन द्वारा गांव गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्रिय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी अनुसार प्रचार प्रसार के लिए केन्द्र से जिले में आठ वैन पहुचेगी। इसमें एक वैन को जिले के निकायों में भ्रमण के लिए रखा गया है। यह वैन योजनाओं से पूरी तरह से सुसज्जित होगी।



### सोलह लाख का बनना है कार्ड

जानकारी अनुसार जिले में साढे चार लाख राशन कार्ड पंजीकृत है। जिसमें सोलह लाख 72718 सदस्य है। नए नियम के अनुसार सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाना है। अब तक जिले में तेरह लाख 42824 कार्ड बनाए जा चुके हैं। अफसरों की माने तो शिविर के जरिए शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने की योजना है। ऐसे में लोगों को शिविर मे जोड़ने पांपलेट देकर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### ऐसे बनेगा घर बैठे आयुष्मान कार्ड

राज्य शासन ने अब घर बैठे आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना शुरू कर दी है। इसके लिए हितग्राही को आयुष्मान कार्ड एप या आधार फेस आरडी एप डाउनलोड करना होगा। जिसके बाद स्टेट का चयन करना होगा, फिर राशन कार्ड के विकल्प पर जाना होगा। फिर जिला चुनने के बाद राशन कार्ड नबंर दर्ज करे। तीसरे चरण में परिवार के सदस्यों की जानकारी अपने आप ही प्रदर्शित होगी। जिनके नाम का कार्ड बन गया हैं। वह हरा रंग का दिखेगा, जिनका नही बना वह नारंगी रंग का होगा। जिनका नही बना हैं, उनके नाम के डीओ ई-केवाईसी विकल्प प्रदर्शित होगा। आगे चार विकल्प दिखेंगे, जिसमें आधार ओटीपी, फिंगर प्रिंट, आई स्कैन व फेस स्कैन होगा। आधार में मोबाइल लिंक होगा तो यही नंबर दर्ज करे, फिर अपना फोटो कैप्चर करे। अंत में सबमिट करने के बाद कार्ड डाउनलोड कर निकाला जा सकेगा।

### मिलेगा लाभ

केन्द्र की योजनाओं के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी अनुसार संभवत पन्द्र तारीख बताई गई है। फिलहाल तिथि आगे पीछे हो सकती हैं।
**-अनिल शुक्ला,** नोडल अधिकारी, दुर्ग

# जमीन पर कब्जे की थाने में की शिकायत, दोनों पक्ष तलब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- मोहननगर थाने में की गई कब्जा की लिखित शिकायत

आवेदक जसविन्दर सिंह पिता जगीर सिंह उम्र 46 वर्ष, निवासी गुरुनानक नगर दुर्ग तहसील द्वारा उनके चचेरे भाई परविन्दर सिंह पिता परमजीत सिंह निवासी गुरुनानक नगर के नाम दर्ज जमीन पर अन्य द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत मोहन नगर थाने में की गई है। उन्होने बताया कि, ग्राम सिकोला प.ह.नं. 57. खसरा नंबर 202/17 का टुकड़ा रकबा 0.50 डिसमिल है, जो कि 24 मार्च 1995 से हमारे हक व कब्जे पर है। जिसे मोहम्मद फिरोज राठौर पिता अब्दुल सत्तार राठौर निवासी केलाबाड़ी द्वारा भूमि खसरा नंबर 202/366 रकबा 1. 0400 हेक्टेयर भूमि स्थित है कि उपरोक्त व्यक्ति फिरोज राठौर पिता अब्दुल सत्तार राठौर द्वारा अपनी उक्त भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य करवाया गया है, जिसमें उक्त व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत तरीके से (आवेदक) मेरी भूमि पर अवैध कब्जा जमाने की नियत से बाउण्ड्रीवाल करवा दिया गया है। जब मेरे द्वारा उक्त व्यक्ति से उक्त संबंध में बात करना चाहो तो उक्त व्यक्ति मुझे धमकी देने लगता है और कहता है कि, उक्त भूमि मेरी है मेरे कब्जे में है उक्त बाउण्ड्रीवाल नहीं हटाउंगा। जिससे परेशान पीडित ने थाने में लिखित शिकायत की है।

### सीमांकन में नहीं होता उपस्थित

आवेदक जसविंदर ने बताया कि, उक्त भूमि का सीमांकन करवाने कहने पर उक्त व्यक्ति सीमांकन दिनांक को मौके पर उपस्थित नहीं होता है और ना ही उक्त व्यक्ति अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेज पेश करता है। कहता है कि, मेरे पूरे शासकीय कार्यालय में सांठगांठ है मैं बात कर लूंगा। तुम लोगो को जो करना कर लो मैं उक्त बाउण्ड्री नहीं हटाउंगा कहकर धमकियां देता है।

## प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें: महापौर

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के लोककर्म विभाग से संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित देते हुए कहा है कि निगम के विकास व निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाएं तथा प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयसीमा के अंदर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों, सभी प्रगतिरत कार्य की समीक्षा के साथ-साथ महापौर निधि, पार्षद निधि और एल्डरमेन निधि, अधोसंरचना 15वें वित्त अन्य मदों के अंतर्गत प्रस्तावित, प्रगतिरत व पूर्ण हो चुके कार्यों की जोनवार तथा मदवार विस्तार से समीक्षा की। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा समयसीमा में अनिवार्य रूप से सभी कार्यों को पूरा करने कहा। अमृत मिशन के कार्यों की जानकारी रिपोर्ट भी मांगी गई। इसके अलावा तालाबों के कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। बैठक में अब्दुल गनी, संजय कोहले, दिनेश नेताम, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सुराना महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन, स्पर्धाएं भी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

सेठ आर. सी. एस. कला एंववाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में विद्यार्थियों के बर्हिमुखी विकास के लिए अनुकूलअवसरउपलब्ध कराने के उद्देष्य से युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत रंगोली, मेंहदी, अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग और व्यंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विविधा यादव, द्वितीय स्थान मोनिका साहू एंव तृतीय स्थान जागेन्द्र कोड़ापे व जीत यादव ने प्राप्त किया। अनुपयोगी वस्तु का प्रयोग प्रतियोगिता में प्रथम छाया पटेल, द्वितीय सानिया व तृतीय स्थान हिमांषी सेन ने प्राप्त किया। इसी क्रम में व्यंजन प्रतियोगता में प्रथम स्थान पायल सेन, द्वितीय छाया चौहान व तृतीय हिमांषी सेन व रिमझिम तिवारी ने प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमजीत कौर, द्वितीय स्थान सानिया एंव तृतीय स्थान रेणुका व सत्या सोनी प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाले अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए ताकि उनके प्रतिभाओं को लोग जानें और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. किरण तिवारी, निधि मिश्रा, डॉ. आयषा अहमद, डॉ. भावना वर्मा, डॉ. रानी शुक्ला एंव पवन दीप कौर थीं। संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला ने किया।







## डिलेश्वरी व धनु ने जीते स्वर्ण पदक

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने इंटर कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुए 06 पदक जीते। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतुदुबे ने बताया कि स्थानीय शंकराचार्य महाविद्यालय में अन्तरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रा कु. डिलेश्वरी ने श्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होनें 50 मीटर बैंक स्ट्रोक, 100 मीटर की फ्रीस्टाईल, 200 मीटर की फ्री स्टाईल में स्वर्ण पदक जीते। महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. धनु ने 2 स्वर्ण पदक और 01 रजत पदक जीता। उन्होनें 200 मीटर आई.एम. एवं 50 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर बटर फ्लाई में रजत पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों का चयन ईस्टजोन स्वीमिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ। स्पर्धा 21 से 23 दिसम्बर को कलिंगा युनिवर्सिटी ऑफ सोशल साईन्सेस भुवनेश्वर मेंआयोजित होगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द तिवारी, डॉ. ऋचा ठाकुर आदि ने बधाई दी।

# वार्डों में संकल्प यात्रा, दी जाएगी केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- 15 से 6 दिन तक चलाएगी जाएगी यात्रा



शहर के प्रत्येक नागरिक को सरकार की हर एक योजना की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम प्रशासन शहर के हर वार्ड में संकल्प यात्रा चलाएगा। सभी वार्डों में इस यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकारी योजना की जानकारी दी जाएगी, ताकि लोग इसका लाभ उठा सके।6 दिन तक यह यात्रा चलाई जाएगी। 15 दिसम्बर बोरसी प्रगति मैदान, 16 दिसम्बर गंजमंडी व मठपारा कबड्डी मैदान, 17 दिसम्बर पुलगांव बस्ती सामुदायिक भवन एवं कातुलबोर्ड चौक शासकीय स्कूल, 18 दिसम्बर शक्ति नगर तालाब के पास एवं चंद्रशेखर स्कूल नया पारा, 19 गोवर्धन चौक स्कूल उरला एवं बॉस पारा दुर्गा चौक, 20 दिसम्बर दशहरा मैदान पोटियाकला एवं बैगापारा मिनी स्टेडियम में शिविर का आयोजन किया जाएगा। केंद्र सरकार की योजना के तहत यह यात्रा दिसंबर में दुर्ग पहुंचेगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तैयारी के संबंध में निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में नोडल अधिकारी उपआयुक्त एवं सहायक नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता व अधिकारियों को कार्य के अनुरूप जिम्मेदारी सौंपी गई। वार्डो को आज चिन्हित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही यात्रा में सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जो योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को आवेदन भी लेंगे। केम्प 1 एवं केम्प 2 पालियों में आयोजित होगा। केम्प का स्थल, समय अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी का रोस्टर पर तैयार किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और योजना का लाभ ले सके। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में मुनादी भी कराई जाएगी। बैठक में नोडल अधिकारी उपाआयुक्त मोहेंद्र साहू, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, जावेद अली, जितेंद्र समैया, विनोद मांझी, दुर्गेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने ली समीक्षा बैठक

# कमजोर संस्थागत प्रसव के प्रकरण में होगी नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- कलेक्टर ने ली विभागीय बैठक

संस्थागत प्रसव के प्रकरण में कलेक्टर ने साफतौर पर कहा है कि, अस्सी फीसदी से कम आंकडे मिलने पर सेक्टर अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होने संस्थागत प्रसव के तहत लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि जिले का महत्वपूर्ण दायित्व आपके पास है इस पर लापरवाही न बरते। बैठक के दौरान जिले में गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व किए गए जांच (एएनसी) की गहन समीक्षा की गयी। कलेक्टर द्वारा चतुर्थ प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, चतुर्थ प्रसव पूर्व जांच के आधार पर संस्थागत प्रसव संबंधी अन्य आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके लिए एएनएम व आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को प्रेरित करती हैं। प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली परेशानियों में काफी कमी भी आती और इससे होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। गर्भावस्था की संपूर्ण अवधि के दौरान कम से कम चार बार एएनसी जरूरी है।



### पंजीयन में तेजी लाने निर्देश

कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव एवं एएनसी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। एएनसी रजिस्ट्रेशन 80 प्रतिशत से कम होने वाले ग्राम पंचायत के सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस जारी करने को कहा। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन को बढ़ाने और स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर गर्भवती महिलाओं को पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में सामने आए कमजोर रिपोर्ट

जानकारी अनुसार प्रदेशभर में संस्थागत प्रसव के दौरान मां और बच्चे की मौत के ज्यादा आंकडे सामने आए है। मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षित प्रसव कराने के निर्देश दिए। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति में बेहतर परिणाम लाने के निर्देश सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में हुई स्वास्थ्यगत कारणों, प्रसव के दौरान नवजात शिशुओं की मृत्यु के प्रकरणों के संबंध में चर्चा की।

# 16 को निकलेगी शहर में श्याम बाबा की निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग में पहली बार दुर्ग-भिलाई एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्री श्याम बाबा के भक्तों द्वारा एक साथ मिलकर 16 दिसम्बर को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी।

निशान यात्रा का आयोजन 16 दिसम्बर सुबह 7 बजे श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा से श्री श्याम मन्दिर कादम्बरी नगर तक निकाली जाएगी। आयोजन समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि हजारों श्याम प्रेमीयों द्वारा बाबा श्याम को अपनी आस्था का एक निशान अर्पण किया जाएगा। यात्रा को लेकर पूरे जिले में भव्य तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 एवं 17 दिसम्बर को श्री श्याम मन्दिरए कादम्बरी नगर दुर्ग का 13वां वार्षिक महोत्सव आयोजित किया गया है। जिसमें निशान यात्रा के साथ साथ देश के भजन गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जावेगी। साथ ही साथ प्रसादी की व्यवस्था भी की जा रही है। निशान यात्रा को लेकर अग्रवाल समाज, राजस्थानी गौड ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, सोनी समाज, खंडेलवाल समाज, सर्व ब्राम्हण समाज आदि मिलकर निशान यात्रा निकालेंगे। आयोजन में रामफल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, किशोरी सिंघानिया, अशोक राठी, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, राहुल शर्मा, लक्की अग्रवाल सहित सैकड़ों श्याम प्रेमी तैयारी में जुटे है।

## खबर संक्षेप



### 25 तक चलेगा क्लीन टॉयलेट कैंपेन

**डौंडी।** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ समस्त नगरी निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत नगर पंचायत डौंडी में 17 नवंबर से 25 दिसंबर तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारंभ किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवांगन ने आम नागरिकों, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अभियान से जुड़कर क्षेत्र में समस्त सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई एवं रखरखाव की अपील की है। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीवका मिशन के स्वसहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचायलयों का भ्रमण कराया जा रहा है। शौचालय के उपयोग सफाई एवं रखरखाव के लिए जागरूक किया गया।अभियान के अंत में समस्त शौचालय का ग्रेडिंग स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जावेगा।

### सिक्यूरिटी गार्ड की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप 27 को

**बालोद।** जिले में सुरक्षाकर्मियों की भर्ती के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 26 दिसम्बर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 27 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत कार्य क्षेत्र रायपुर, भिलाई, दुर्ग एवं राजनांदगांव के लिए सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरुष) के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवीं एवं आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस पद के लिए मासिक वेतनमान 8000 हजार से 10,000 तक निर्धारित किया गया है। इसी तरह दसवीं-बारहवीं उत्तीर्ण सुरक्षा गार्ड के लिए मासिक वेतनमान 10 से 12 हजार तथा बारहवीं व ग्रेजुएट के लिए मासिक वेतनमान 11,000 हजार से 15,000 तक निर्धारित है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए 15 जनवरी तक करना होगा आवेदन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन मंगाए गए हैं। पात्रताधारी इच्छुक जोड़ों को अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक अथवा परियोजना अधिकारी के समक्ष 15 जनवरी तक पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवार की प्रथम 2 पुत्रियों का विवाह कराया जा सकता है। इसके लिए कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। दोनों को अविवाहित तथा कन्या को छत्तीसगढ़ (यथा संभव बालोद जिले का) का मूल निवासी होना चाहिए। इस योजना के तहत वर–वधू का विवाह शासकीय व्यय पर करने के साथ ही उपहार स्वरूप विभिन्न जीवनोपयोगी सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही योजना के नए नियम के अनुसार वधू को 21,000 रूपये की राशि प्रदान की जाएगी।

### रासेयो के स्वयंसेवकों ने की स्कूल में साफ-सफाई

**रायपुर।** शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनेली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विषय नशामुक्त समाज के लिए युवा था। शिविर में 73 स्वयंसेवक शामिल हुए। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की और किचन गार्डन बनाया। शिविर में अमानत फाउंडेशन का भी सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत साहू और शशिबाला किंडो शामिल हुईं।

---

**त्यौहारी :** शहर के शिव मंदिर में हुई राम जन्मभूमि गृह संपर्क अभियान समिति की बैठक

# श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए घर-घर जाकर दिया जाएगा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- बालोद शहर में होगा अक्षत कलश का भव्य स्वागत

राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण व 22 जनवरी को प्रस्तावित भव्य प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर बालोद शहर के शिव मंदिर में रामजन्मभूमि गृह संपर्क अभियान समिति की बैठक हुई।

विभाग प्रचारक तुलसीराम, जिला कार्यवाह हेमंत गजेंद्र, विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, सह कार्यवाह विनोद साहू, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जगदीश देशमुख की प्रमुख उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुआ। इस बैठक में राममन्दिर अयोध्या के लिए आमजनता से अन्न दान लेने की योजना बनी, वही 1 से 15 जनवरी तक हर हिन्दू परिवारों के घर जाकर अक्षत व रामजी की फोटो व आमंत्रण देने के लिए नगर की टोली समिति का गठन किया गया। इसमें 25 लोगों की समिति बनी। समिति की अगवानी में आने वाले दिनों में अक्षत कलश बालोद शहर में आएगा, जिसके लिए शहर में भव्य स्वागत के लिए शहर के 20 वार्डों में समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला मंत्री राज सोनी, संघ संगठन के रूपेंद्र सिन्हा, मधुकांत यदु, बेलसर, पार्षद कमलेश सोनी, शहर अध्यक्ष सुरेश केसरवानी, उमेश सेन, मनोज चांडक, हरीश दहिया, संतोष कौशिक, शरद अग्रवाल, जिला सह संयोजिका, स्वेता राजपूत, संगीता देवांगन, रोहणी साहू, प्रीति देशमुख, भारती बांडे, ममता यदु, पूजा जैन, पद्मिनी साहू, मोना टुवानी, कादम्बिनी यादव, मंजू श्रीवास, हितेश्वरी कौशिक, दीपक देवांगन, मोनू सोनवानी, तरुण बड़तीया, कमल बजाज, संजय शर्मा, भारत गांधी, शरद अग्रवाल, अजय यादव, ममता यदु, रीता पाठक, सरोजनी साहू, हितेश्वरी कौशिक, चंद्रप्रभा गुप्ता, मुरारीलाल चंदन उपस्थित थे।



**शहरवासी अयोध्या धाम के लिए कर सकते हैं अन्न दान :** रामजन्मभूमि घर घर संपर्क अभियान समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी के भव्य प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में देश भर के लाखों साधु संत अयोध्या पहुंचेंगे। उनके भोजन की व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ से भी रामभक्तों से आवाह किया गया है. कि वो भोजन व्यवस्था के लिए चावल दान करें, जो समिति द्वारा बड़े वाहनों से अयोध्या भेजा जाएगा।

### प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि घोषित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में बोर्ड कक्षाओं की प्रायोगिक कक्षाएं संचालित हो रही है। आगामी कुछ दिनों में बोर्ड परीक्षाएं संचालित होने वाली है। इससे पूर्व कक्षा बारहवीं की भौतिकी की प्रायोगिक परीक्षाएं सुचारू रूप से कराई जा रही है। भौतिकी व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा और विज्ञान सहायक हेमंत साहू के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं प्रायोगिक कार्य संपन्न कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर द्वारा सभी शिक्षकों को निर्धारित समय में प्रायोगिक कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है।

### कांग्रेसजनों की हुई बैठक



**डौंडी।** नगर कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष सुनील राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें कल नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया के आभार प्रदर्शन रैली के बारे ने चर्चा की गई। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चुनाव परिणाम कि समीक्षा की गई। बैठक में नगर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## पीरियड्स संबंधी समस्या छिपाएं नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- कॉलेज छात्राओं को दी गई माहवारी संबंधी जानकारी

स्व. डीबीटी शासकीय महाविद्यालय गुरूर के छात्राओं के लिए माहवारी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से जिला समन्वयक दिशा साहू, ब्लॉक सुपरवाइजर मीनाक्षी देवांगन, स्थानीय कर्मचारी मनभोतिन आर्य, सरस्वती कुंजाम ने छात्राओं को माहवारी संबंधी जानकारी प्रदान की। दिशा साहू ने बताया कि माहवारी के समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, इस समय कपड़े का प्रयोग नहीं करना चाहिए, इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। जिससे कई प्रकार की बीमारियां तथा दूसरी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती है। हमारे समाज में घर-परिवार में माहवारी को लेकर खुल कर बात नहीं की जाती। जिसके कारण हममें जागरूकता का अभाव होता है। यही कारण है कि महिलाएं माहवारी संबंधित अनेक बीमारियों से आज भी जूझती रहती है। उन्होंने कहा कि हमे परंपरागत सोच व रुढ़ीवादी विचारों का त्याग करना चाहिए। हमारा खान पान स्वच्छ तथा रहन-सहन भी स्वच्छ होना चाहिए। साहू ने छात्राओं से कहा कि माहवारी के समय आनियन पैड का इस्तेमाल करें तथा रसायनिक दवाईयों का सेवन ना करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं तथा प्राध्यापक प्रज्ञा कोरपे, सुमन साहू, टीना देवांगन, दीपिका पांडे, गूंजा कौशिक उपस्थित थे।

## शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता हुए शामिल



**देवरीबंगला।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनने के बाद नव निर्वाचित मुख्यमंत्री आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में गुन्डरदेही विधानसभा के बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी संयोजक, सहसंजोक मंडल के पदाधिकारक, जिला महामंत्री किशोरी साहू के नेतृत्व में शामिल हुए। खेरथा मंडल के उपाध्यक्ष उत्तम साहू, मंत्री भूनेश्वरी ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऊर्मिला साहू, किसान मोर्चा के अध्यक्ष चैतन्य निषाद, जयपाल साहू, इंदु भुवार्य, शुभम देशमुख, अंग्रेज चक्रधारी, छबिलाल निर्मलकर, तोरण, लोमन साहू, गणपत, देगवन, रमेश जगनायक, धन्ना विश्वकर्मा, जीवन सार्वा, कोमन, साहेब राय, सुमित, तुलसी, अंकालू सहारे, घसिया, यादराम साहू, हरिनारायण देशमुख, रामप्रसाद साहू, रोशन साहू, बंसत, कन्हैया, टिनेश्वर, विष्णुमोहनमाला, पोखन साहू, दीनदयाल, बहुरसिह साहू, भग्गूराम ठाकुर, ईमलराम साहू, भागीरथी साहू, ऐसकुमार साहू, केदार देवांगन, भूनेश्वर साहसी, राधेश्याम देवांगन सहित मंडल एवं विधानसभा के कार्यकर्तागण शामिल हुए।

### फागुनदाह के ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आरंभ होने से पहले ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम के खेल मैदान की साफ-सफाई की। इसमें गांव के महिला पुरूषों के साथ युवाओं ने विशेष भागीदारी निभाई।

### पेंशनधारियों को सीएम से आस लंबित डीए का शीघ्र होगा भुगतान



**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा एवं पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ के विकास का दायित्व सौंपने पर बधाइयां दी है। उन्होंने कहा कि अब नए मुख्यमंत्री का दायित्व बन जाता है कि मोदी की गारंटी के अनुसार राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों की जुलाई से लंबित डीए का भुगतान करने हेतु तुरंत आदेश जारी करें। आशा है मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को विलोपित करने की कार्यवाही तत्काल की जावेगी।

## दल्लीराजहरा में हुआ सास-बहू सम्मेलन परिवार नियोजन के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया आयोजन

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सास-बहू सम्मेलन का आयोजन वार्ड क्रमांक 18 पुराना बाजार दल्ली राजहरा में किया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने उपस्थित हितग्राहियों को परिवार कल्याण के साधनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार कल्याण के साधन दो प्रकार के होते हैं, अस्थायी एवं स्थायी। अस्थायी साधन महिलाओं के लिए कापर-टी, माला डी गोली, अंतरा इंजेक्शन, का उपयोग दो बच्चों के जन्म में अंतराल रखने के लिए किया जाता है। यह साधन शासकीय अस्पताल में निःशुल्क प्रदान किया जाता है। पुरुषों के लिए अस्थायी साधन निरोध का उपयोग किया जा सकता है। स्थायी साधन में पुरूष नसबंदी एवं महिला नसबंदी है, जो शासकीय अस्पताल में निः शुल्क किया जाता है। साधन उपयोग के लिए बहू अपने सास को अवश्य बताएं, जिससे सास-बहू के बीच सामंजस्य बना रहे। स्वास्थ्य सुपरवाइजर ने कहा कि दो बच्चों के बाद नसबंदी अवश्य कराएं। समझाइश देने के बाद एक दम्पति कापर-टी के लिए एवं एक दम्पति नसबंदी के लिए तैयार हुई।



**प्रश्न मंच का हुआ आयोजन :** कार्यक्रम के दौरान परिवार नियोजन से संबंधित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इसमें सही उत्तर देने वाले हितग्राहियों का सम्मान किया गया। परिवार कल्याण साधन से संबंधित जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की मितानिन एवं एएनएम से सम्पर्क करने की सलाह दी गई। उक्त अवसर पर सुपरवाइजर लता यादव, एएनएम सीमा तिवारी, मितानिन अंजू साहू, सावित्री के साथ ही वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

## बागतराई में श्रीमद् भागवत व शिव महापुराण कथा 23 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर




ग्राम बागतराई में 23 दिसंबर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं श्री शिव दुग्धाभिषेक व श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 31 दिसंबर को होगा।

ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भागवतकथा वाचक पंडित आलोक किशोर तिवारी व शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रेम पाण्डेय होंगे। मिली जानकारी श्रीमद्भागवत कथा समय दोपहर 12:30 बजे से हरि इच्छा तक होगा। श्री शिव दुग्धाभिषेक प्रातः 9 बजे से होगा। श्री शिव महापुराण कथा रात्रि 8 बजे से होगी। कथा में 23 दिसंबर को श्री देव स्थापना व गोकर्ण कथा होगी। 24 को परीक्षित श्राप, कथा प्रारंभ, सृष्टी वर्णन, वराह अवतार होगा। 25 को कपिल अवतार, सती, ध्रुव, भरत चरित्र। 26 को नरक वर्णन, वृतासुर वध, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार प्रसंग पर चर्चा की जाएगी। 27 दिसंबर को समुद्र मंथन, वामन जन्म, सूर्य चंद्र वंश, वर्णन, राम कृष्ण जन्म, 28 को कृष्ण लीला, माखन चोरी, रासलीला, कंस वध, रूखमणी विवाह होगा। 29 को भगवान कृष्ण के अन्य विवाह, वंश वर्ण, अधर्मी राजाओ का संधार, सुदामा चरित्र होगा। 30 को यदुवंशी श्राप, दत्त के चौबीस गुरू, कलियुग वर्णन, परीक्षित मोक्ष तथा 31 दिसंबर को श्री गीता उपदेश पूर्णाहुति होगी।

### चंद्राकार समाज दुर्ग ने नवनिर्वाचित विधायक ललित का किया सम्मान



**अंडा।** दुर्ग जिला चंद्राकार समाज ने दुर्ग ग्रामीण के नवनिर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अशवनी, दुर्ग राज के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद्माकर चंद्राकर, जिला प्रतिनिधि अजीत चंद्राकर, उप क्षेत्र अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, चंदखुरी राजू चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, भिलाई पवन चंद्राकर, अध्यक्ष भिलाई नगर शिव चंद्राकर, सचिव दुर्ग राज घनश्याम चंद्राकर, संगठन मंत्री दुर्गा राज, खेमराज चंद्राकर, रज्जू चंद्राकर, छत्रपाल चंद्राकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने लगाया विशेष शिविर**

# ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 9 दिसम्बर से ग्राम आमटी में किया जा रहा है। शिविर में स्वयंसेवकों ने समाज के लिए नशा मुक्ति विषय से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इसके तहत प्रभात फेरी निकालने के अलावा परियोजना कार्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति जन जागरूकता, इसके दुष्प्रभाव तथा इससे बचाव के बारे में जानकारी ग्राम वासियों को प्रदान की गई। बौध्दिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों को विभिन्न विभागों तथा क्षेत्र के बुद्धिजीवियों के द्वारा मार्गदर्शन तथा शंका समाधान किया गया। इस दौरान जयंत सिन्हा, सहायक संचालक नगरीय प्रशासन, चंदन गोस्वामी, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय महाविद्यालय, रानीतराई, ओम प्रकाश पाटिला, शोध परीक्षार्थी तथा अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र का उल्लेखनीय योगदान रहा। शिविर के सफल संचालन में प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र के मार्गदर्शन तथा संसाधन प्रबंधन महतपूर्ण रहा। रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर तथा जिर्वतिका ठाकुर द्वारा स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास के अतिरिक्त नैतिक मूल्यों का जीवन में अनुकरण की आवश्यकता तथा महत्व पर नित व्याख्यान तथा स्वयंसेवकों के समूह को दिए गए कर्त्तव्यों तथा कार्यों की समीक्षा की जा रही है।



### विविध विषयों पर की जा रही चर्चा

शिविर में विभिन्न समसामयिक विषयों जैसे संविधान का महत्व, निष्पक्ष तथा निःस्वार्थ मतदान, ज्वलंत समस्याओं जैसे नशा का युवाओं तथा समाज पर प्रभाव, दहेज प्रथा पर केंद्रित नाटकों का मंचन प्रतिदिन स्वयंसेवकों के द्वारा जागरूकता का प्रसार करने हेतु किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संपादन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ सीमा जायसवाल,पूजा सोढा ,अंजू रानी ठाकुर, अन्नापूर्णा यादव, डा शिप्पि देवांगन, कामता प्रसाद बंजारे, गोपाल पाली एवं स्वयं सेवक निशा, पूजा, नम्रता, प्रिया, पल्लवी, गजेंद्र, आयुष, डामन, पंकज, अभिषेक, ओमेश्वरी, दुर्गा, दुर्लेश सहित अनेक स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं।



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023


10 बगैर व्यवस्थापन चल रहा बुलडोजर, बोरसी में ...



12 टर्शरी प्लांट निर्माण में फंड का टोटा, 20 करोड़ की ...




बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

## खबर संक्षेप

### दो युवक से 42 पाव शराब जब्त

**बेमेतरा।** अवैध गतिविधियों पर पुलिस कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को थाना नवागढ़ एवं दाढ़ी में अवैध रूप से शराब की बिक्री के मामले में 2 आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। इस दौरान आरोपी राधेलाल डहरिया पिता अटल दास डहरिया 41 वर्ष ग्राम मुरकुटा थाना नवागढ, आदित्य टंडन पिता रेशुराम टंडन 25 वर्ष ग्राम धनौरा थाना पिपरिया जिला कबीरधाम से 42 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 4 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 77 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। 48 प्रकरणों को न्यायालय में पेश किया गया गया तो वहीं 29 प्रकरण में 11 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2023 प्रदान किया जाना है। इसके तहत 25,000/- रू की राशि एवं प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदाय किया जावेगा। अतः जिले अन्तर्गत उक्त क्षेत्र में कार्य करने वाले बच्चों से कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-बेमेतरा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 02 जनवरी 2024 समय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-बेमेतरा में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा से सम्पर्क कर सकते है।

### नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी अनुराग झा ने बताया कि जेल से रिहा होने वाला युवक शॉप नंबर 79 सड़क एवेन्यू सी ए मार्केट सेक्टर 1 निवासी सैफ सिद्धकीय आईटीआई बिजली ऑफिस के पास नशीली गोलियां बेचते धरा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से पुलिस को 47 स्ट्रीप में 705 नग अल्प्राजोलम नशीली टेबलेट, बिक्री रकम, मोबाईल बरामद किया। कार्रवाई में खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, आरक्षक अरविंद मिश्रा, रिंकू सोनी, भावेश पटेल, गुनीत आदि शामिल है।



### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** आदतन बदमाश जेल से छुटने के बाद चोरी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी डॉ अनुराग झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आदतन बदमाश चुग्गे उर्फ सुशील साहू बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में केनाल रोड खुर्सीपार के पास बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

### हाईवा की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** ग्राम सोनेसरार निवासी दाउराम अपनी बाइक से बस्ती को जा रहे थे। मेन रोड में पहुचते ही तेज रफ्तार से आ रही 10 चक्का हाईवा सीजी 10 एआर 1103 के चालक ने ठोकर मार दिया। घटना में दाउराम की मौके पर ही मौत हो गई। हाईवा चालक बृजलाल बंजारे निवासी पथरिया पर कार्रवाई की गई।

# जिले में अब तक 2 लाख 63 हजार 823 मीट्रिक टन धान का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए 1 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के बीते महीने में अभी तक 2 लाख 63 हजार 823 मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में 102 सहकारी समिति द्वारा धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा लगातार धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी व उठाव की जानकारी ले रहे हैं साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दें रहे हैं।

■ 2 लाख 22 हजार 719 मीट्रिक टन का डीओ जारी

**जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में 102 सहकारी समिति द्वारा धान खरीदी**



#### 40 मिलर्स से अनुबंध

1 नवंबर को पहले दिन 448 पंजीकृत किसानों का टोकन कट गया था। पहले दिन 409 किसानों से 18501 क्विंटल धान की खरीदी की गयी। जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी ने बताया कि उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 40 मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और अब तक 14 दिसम्बर 2023 तक की स्थिति में कुल उपार्जन 263823 मि.टन हो चुका हैं। डीओ जारी 222719 मि.टन, डीओ में उठाव 140486 मि.टन, डीओ मे उठाव शेष 82233 मि.टन, केंद्रो में शेष स्टाक 123337 मि.टन जिसमें खरीदी का प्रतिशत 28 व परिवहन 53 प्रतिशत है।

किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या ना आये। बेमेतरा जिले के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है।

**576.37 करोड़ की खरीदी :** उन्होंने बताया की अभी तक 576.37 करोड़ रुपये की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें 53606 किसान लाभान्वित हो चुके है। भुगतान की पुष्टि 43988 कृषक, राशि 475.88 करोड़ है। खाद्य अधिकारी ने बताया की समितियों में बारदाना की उपलब्धता सभी केंद्रों में उपलब्ध है तथा किसानो को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है।

**सियासत :** सहकारी समितियां में चुनाव नहीं करवा कर उपकृत किए गए थे कांग्रेसी नेता

# राज्य में सत्ता बदलते ही जिले की 102 सहकारी समितियों से हटेंगे मनोनीत प्राधिकृत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सरकार बदलने के साथ ही सहकारिकता के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव होने की सुगबुहाट शुरू हो गई है। जिले की 102 सहकारी समितियों में वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के मनोनीत प्राधिकृत अधिकारी बैठे हुए हैं, यह प्राधिकृत अधिकारी के नाम से समितियों में अध्यक्ष का कार्य देख रहे हैं।

कांग्रेस सरकार में अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए गए ये कांग्रेस के लोग जल्द ही रुख्सत होने वाले है। दरअसल समितियां व सहकारी बैंकों में समय यदि चुनाव नहीं होता तो सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान होता है। लेकिन प्राधिकृत अधिकारी में शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी बैठते हैं। 6 महीने तक पूरे प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, अपेक्स, बैंक सहित अन्य सहकारी समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। उसके बाद कांग्रेस सरकार ने अधिनियम में बदलाव कर इन पदों पर राजनीतिक व्यक्तियों को बिठा दिया।

#### नियुक्ति रही विवादों में :

कांग्रेस सरकार ने जब समितियों में कांग्रेस के लोगों को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सीधे नियुक्ति देनी शुरू कर दी तो इसका विरोध भी हुआ था। चुनाव से होने वाले पदों पर मनोनयन होने से कामकाज पर भी प्रभाव पड़ना शुरू हो गया था। लिहाजा चुनाव करने, करवाने के लिए जोर दिया गया। लेकिन कांग्रेस सरकार तैयार नहीं हुई और जिला सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक, कृभको, मार्केटिंग, उपभोक्ता भंडारों में भी प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त कर दिए। समितियों में भी इसी तर्ज पर अपने लोगों को उपकृत किया गया है।




समय पर नहीं कराया गया चुनाव

बेमेतरा जिला भी जिला केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग के अंतर्गत आता है। जिले में 102 सहकारी समितियां है। इन समितियों का संचालन के लिए समिति के अध्यक्ष सहित 11 लोगों की टीम चुनी जाती है। इसके लिए आम चुनाव होते रहे है। अलग-अलग समिति के हिसाब से अप्रैल से मई 2022 तक समितियां में चुनाव होना था। प्रदेश में काबिज कांग्रेस सरकार ने समय पर चुनाव नहीं करवाए जिसके चलते मनोनीत प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में अपने दलों के कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर दिया।

#### समितियां में अब फिर से होगा चुनाव?

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद सहकारी बैंकों और समितियों में फिर से चुनाव होने की संभावना प्रबल हो गई है। इसलिए कि भाजपा के पिछले 15 साल के कार्यकाल में सरकारी बैंकों व समितियों में भाजपा ने अपनी अच्छी पैठ जमा ली थी। ज्यादातर समितियों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष व उनकी टीम काबिज रही, जब कांग्रेस की सरकार 2018 के बाद आई तो इसलिए समिति में चुनाव नहीं करवाया गया, ज्यादातर समितियां में भाजपा के लोग बैठे थे। परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने की संभावना कम दिखाई दी। सरकार बदलते ही मनोनीत प्राधिकृत अधिकारियों का अधिकार वैसी ही समाप्त हो गया है।

#### अध्यक्ष सहित इन पदों पर होता है चुनाव

समितियों में एक अध्यक्ष व एक महिला उपाध्यक्ष तथा एक पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होते हैं। बाकी आठ सदस्य बोर्ड आफ डायरेक्टर होते हैं। भाजपा सरकार सहकारिता को मजबूत करने के लिए सबसे पहले समितियों, सहकारी बैंकों और सहकारी से जुड़े संस्थानों पर चुनाव करवा सकती है। कांग्रेस सरकार ने अक्टूबर 2022 को प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की थी।

# जिले में वर्षों से जमे अधिकारियों की हो रही लिस्ट तैयार, निकट भविष्य में हो सकती है प्रशासनिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सरकार बदलने के बाद अब बड़े पैमाने में प्रशासनिक फेरबदल की आहट सुनाई देने लगी है।भाजपाई सूत्रों की माने तो पहले चरण में वे जिले के अधिकारी आ सकते हैं जो अब तक नेताओं के मोहपाश में फंसे हुए थे। उन कर्मचारियों की सूची भी बकायदा तैयार की जा रही है, जिन्होंने लोगों को सताने में कोई कसर नहीं छोड़ा था। हालांकि जिले कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपनी निष्ठा बदलते हुए सत्ता में काबिज हो चुके भाजपा नेताओं के आगे-पीछे होने लगे हैं। पूरी तरह अधिकारियों के हावभाव में परिवर्तन आ गया है। वहीं यह बताना लाजमी होगा कि चुनाव परिणाम आने के बाद दोनों प्रमुख दलों के अलावा अन्य अपने तरीके से हार और जीत की वजह ढूंढ रहे हैं। वहीं कॉन्फिडेंस के अलावा कार्यकर्ताओं की नाराजगी और मतदाताओं के बीच के असंतोष को भांप नहीं पाए और 30 से 40 हजार मतों के अंतर से जीत के मुगालते में रह गए। इसके अलावा वर्तमान परिणाम के लिए प्रशासनिक कामकाजी अमले की हरकतें भी काफी हद तक जिम्मेदार रही है।

■ लोनिवि, खनिज, राजस्व, आबकारी विभाग के अधिकारी राडार पर

#### कई अधिकारी-कर्मचारी निशाने पर

सत्ता बदलने के बाद लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, जल संसाधन, आबकारी, खनिज व निकाय, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित जमीनी अमला निशाने पर आ गया है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों जमकर बंदरबाट की चर्चा रही है। वहीं राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर तहसीलदारों ने जमकर लूट मचा रखी थी। इसी प्रकार खनिज विभाग तो रेत, मुरूम माफिया का कठपुतली बन गया था। इसके अलावा नेताओं की शह में मलाई खाने वाले उन अधिकारियों पर भी गाज गिरने की बात सत्ता पक्ष के लोग कह रहे हैं। बहरहाल देखना यह है कि वर्षों से जमे वही अधिकारी फिर से अपनी करामात दिखाकर जिले में पदस्थ रहते हैं या फिर उन्हें अन्य जिलों में भेजा जाता है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नालसा नई दिल्ली एवं सालसा, बिलासपुर के निर्देशन में अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में कल 16 दिसम्बर को इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में लगभग 5165 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 787 न्यायालय में लंबित प्रकरण निराकरण हेतु चिन्हांकित किये गये है। नेशनल लोक अदालत आयोजन के दौरान भी पक्षकार यदि चाहे तो अपने राजीनामा योग्य प्रकरण में राजीनामा हेतु न्यायालय उपस्थित होकर प्रकरण निराकृत करवा सकते है।

इस वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय व तालुका न्यायालय में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआईएक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंप्रसं तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य



आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारा, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेंट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ विकय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित पर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण वर्चुअल एवं फिजिकल मोड के माध्यम से किया जायेगा। यदि पक्षकार न्यायालय नहीं आ सकते है तो ऑनलाईन वीडियो कांफ्रेसिंग बेमेतरा न्यायालय के लिंक के माध्यम से जुड़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रकरण में राजीनामा कर निराकरण करवा सकते है।

# ग्रामीण डाक सेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

8 घंटे के ड्यूटी के साथ-साथ नियमित सिविल सेवक का दर्जा व चिकित्सा सुविधाओं जैसी मांगो को लेकर AIGDSU(अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ) के आव्हान में ग्रामीण डाक सेवकों (GDS) द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से पहले एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया गया था। लेकिन डाक विभाग द्वारा इस संबंध कोई सकारात्मक पहल नही दिखाई जिसके चलते AIGDSU संघ के दुर्ग संभागीय सचिव दिनेश शर्मा के तत्वाधान में मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल का देशव्यापी आगाज हुआ है। इस देशव्यापी हड़ताल में परिमंडल स्तरीय, संभाग स्तरीय, उपसंभाग स्तरीय एवं उपडाकघर के अंतर्गत सभी जीडीएस साथियों ने आज तीसरे भी gds साथियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिसमें साजा उपडाकघर एवं थान खम्हरिया उपडाकघर के भी सभी जीडीएस हड़ताल में शामिल हुए।

■ मंगलवार से जारी है देशव्यापी हड़ताल



#### ग्रामीण डाक सेवक संघ की प्रमुख मांगे

1. 8 घंटे की ड्यूटी के साथ साथ नियमित सिविल सेवक का दर्जा।
2. कमलेश चंद्रा कमिटी की सभी सिफारिशों को लागू करना।
3. सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजनाओं को समाप्त कर कार्यभार में गणना किया जाए।
4. चिकित्सा सुविधा जैसी और अन्य मांगे।

वर्तमान में सरकार द्वारा 4 से 5 घंटे की ड्यूटी गणना कर केवल 10000 व 12000 का न्युनतम वेतनमान में वेतन दिया जाता है तथा ग्रामीण डाक सेवकों को अंग्रेजो के समय से चले आ रहे नियमों के आधार पर ही आज तक नियम 3A(rule 3a) नहीं हटाया जा रहा है।

#### आज भी पुराने नियम लागू

देश को आजाद हुए भले 75 वर्ष हो गए हों लेकिन आज भी हम ग्रामीण डाक सेवक गुलामी और नियमों के अधीन दबाव पूर्ण जिंदगी जी रहे हैं। प्रति माह खाते खोलने, बीमा करने एवं नए योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु अत्याधिक दवाब बनाया जाता है। इतना काम व दबाव के बावजूद सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का विभागीय लाभ नहीं दिया जाता। सरकारी कागज में भले डाक सेवक 4-5 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन वास्तविकता देखा जाए तो वर्तमान में डाक वितरण के साथ-साथ विभाग अन्य दबाव पूर्ण कार्य के साथ 6-8 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं। यदि संघ की मांगे सरकार पूरी नहीं करती तो यह अनिश्चितकालीन हड़ताल आगे ऐसे ही और भी ज्यादा मजबूती से चलता रहेगा।

**2 करोड़ 13 लाख 31 हज़ार की लागत से हो रहा काम**

# केवांछी-बैजी पहुंच मार्ग का गुणवत्ताहीन निर्माण भड़के ग्रामीणों ने कार्यस्थल पहुंच कर रुकवाया काम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के निकट ग्राम केवांछी से बैजी पहुंच मार्ग प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे नवीनीकरण एवं संधारण कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जाने से आक्रोशीत ग्रामवासियों ने कार्य स्थल पहुंच कर निर्माण कार्य को रोक कर अपनी नाराजगी जताते हुए

ठेकेदार को गुणवत्ताहीन सड़क बनाने पर आपत्ति किया और समझाइश देते हुए शासन के दिए गए मापदंडों के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। कार्य स्थल में ग्राम केवांछी से सरपंच प्रतिनिधी प्रेमू वर्मा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष खेलन वर्मा, पूर्व सरपंच कलेश ध्रुव, ग्राम कोटवार चरण दास, प्रीतम वर्मा, गुरेंद्र वर्मा, टोपेंद्र वर्मा, चेमन वर्मा, मोहन वर्मा, भेकसिंह वर्मा सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। विदित हो की बीते अप्रैल माह में कबीर ग्रंथ सत्संग समारोह ग्राम केवांछी में शामिल हुए नवागढ़ विधानसभा पूर्व विधायक एवं ससंदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे के द्वारा ग्रामवासियों की मांग पर केवांछी से बैजी पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 13 लाख 31 हजार रुपए स्वीकृत किया गया था। जिसका निर्माण कार्य अगस्त माह से प्रारंभ हो गया है।

■ ठेकेदार के खिलाफ जताई नाराजगी

### दो ओयो होटल किया गया सील

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र मे रिहायशी क्षेत्र मे संचालित ओयो होटल पर अवंतीबाई चौक कोहका में कार्रवाई की गई है। शिकायत बाद इन होटलों पर विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन पहुंचे और निगम अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलवाया। इस दौरान सुबह 11 बजे जब होटल संचालकों से कामर्शियल लायसेंस मांगा गया तो नहीं मिला। होटल के रजिस्टर जांच में भी खामियां मिलीं हैं। दो ऐसे होटलों को तत्काल सील कर रजिस्टर जब्त किया गया। रिकेश सेन ने कहा कि ओयो के होटल आजकल गली मोहल्लों में खोल दिए गए हैं। नियमों की अवहेलना कर होटल संचालक यहां अवैध कारोबारों को बढ़ावा दे रहे हैं। इन होटलों में कई बार सेक्स रैकेट, नशाखोरी और सुसाइड जैसी घटनाएं होती रही हैं।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### महापुरुषों की प्रतिमाओं की हुई साफ-सफाई

दुर्ग। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह द्वारा नगर के चौक चौराहों पर स्थित महापुरुषों, वीरांगनाओं की मूर्तियों को स्वच्छ रखने के लिए साईद्वार के सामने रानी दुर्गावती की प्रतिमा की साफ-सफाई की। पश्चात रंगोली बनाया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । देशभक्ति गीत की प्रस्तुति एवं वंदे मातरम का गायन बहन प्रेरणा यादव एवं साथी के द्वारा किया गया ।

इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सहसचिव श्रीमती रोहिणी पाटणकर, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव व कक्षा षष्ठ व द्वादश के प्रमुख भैया बहिनें विद्यालय के आचार्य, दीदियाँ श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती प्रभजीत कौर भाटिया, श्रीमती अशोक लता, विनोद, श्रीमती संध्या तिवारी, राकेश करसायल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### 17 को अग्निवीर भर्ती रैली शारीरिक दक्षता की परीक्षा

दुर्ग। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑन लाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। उक्त सीईई परीक्षा में दुर्ग जिले के लगभग 650 युवाओं का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए किया गया है। दुर्ग जिले के सैनिक जनरल ड्यूटी के अभ्यर्थी 17 दिसम्बर एवं ट्रेडमेन के अभ्यर्थी 20 दिसम्बर को पुलिस लाईन, खोखराभांठा जांजगीर में उपस्थित हो सकते है।

### 23 को अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान स्पर्धा

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 23 दिसंबर को भारत के संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर आधारित अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एवं संयोजक डॉ. प्रमोद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता की अवधि एक घण्टे की होगी, कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगें, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। प्रतियोगिता के प्रश्न भारत के संविधान एवं मानवधिकार विषय पर आधारित होंगे। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय से तीन प्रविष्टियाँ 20 दिसंबर तक महाविद्यालय के ई मेल पर प्रेषित किया जा सकता है। प्रतिभागी अपने महाविद्यालय के परिचय पत्र के साथ उपस्थित होंगे। विजेता प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संयोजक से संपर्क किया जा सकता है।

# बगैर व्यवस्थापन चल रहा बुलडोजर, बोरसी में हटाया अतिक्रमण

**सरकार बदलते ही रोजी-रोटी करने वाले पर फूट रहा गुस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सरकार बदलते ही इन दिनों शहर के चौक चौराहों में बुलडोजर की आवाज से छोटे तबके के ठेले व खोमचे वाले सहम गए है। बगैर व्यवस्थापन किए निगम द्वारा इन दिनों रोजाना बुलडोजर चलाई जा रही है। जिससे कही कही पर नाराजगी भी सामने आ रही है।

कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। बुधवार को बोरसी क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान और तेज हो गया है।

ताबड़तोड़ कार्रवाई महाराजा चौक से बोरसी मार्ग में की गई। इस दौरान विरोध का प्रयास तो हुआ, लेकिन तोड़ूदस्ता व पुलिस बल के सामने उनकी एक नही चली। तोड़ूदस्ता ने खुले में मांस विक्रय करने वालों पर भी कार्रबाई की। दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क सीमा के आगे तक तार फेंसिंग और पक्का चबूतरा बनाया गया था, जिसको निगम के तोड़ू दस्ता ने सख्ती से कार्रवाही की। टीन शेड डाल कर किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया।

### पहले भी की गई थी कार्रवाई

बोरसी रोड में पहले भी कार्यवाही की गई थी। बुधवार को महाराजा चौक से लेकर बोरसी रोड पर लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के बोर्ड को हटाया गया। महाराजा चौक क्षेत्र रोड पर विक्रय के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया गया। प्रचार प्रसार के लिए लोहे के बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा कर उत्पन्न करने वाले लगभग 40 से अधिक अवैध सामग्री रास्ते रास्ते से हटाया गया।





### मिली थी अतिक्रमण की शिकायत

अफसरों के अनुसार नाली के उपर ईट व टीन शेड से अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिससे नाली की सफाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया गया। अवैध रूप से संचालित चिकन मटन, मछली दुकान सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बेदखल किया गया। साथ ही चौक-चौराहों के किनारे ठेला, फल और सब्जी बेचने वालों को दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई।

## तैयारी : शिविर लगाकर लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास

# शिविर में बनेगा तीन लाख सदस्यों का आयुष्मान कार्ड

**लाभार्थी करेंगे अपने अनुभव को साझा, बना अस्सी फीसदी कार्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में आयुष्मान कार्ड योजना से वंचित लोगों को लाभ देने गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। गांव में ही शिविर के जरिए हितग्राहियों को मौके पर ही तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जाएगा। आगामी दिनों संभवतः पन्द्रह से 25 दिसंबर तक जिले में सवा तीन लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का टारगेट रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि, केन्द्रिय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए आगामी दिनों जिला प्रशासन द्वारा गांव गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्रिय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी अनुसार प्रचार प्रसार के लिए केन्द्र से जिले में आठ वैन पहुचेगी। इसमें एक वैन को जिले के निकायों में भ्रमण के लिए रखा गया है। यह वैन योजनाओं से पूरी तरह से सुसज्जित होगी।



### सोलह लाख का बनना है कार्ड

जानकारी अनुसार जिले में साढे चार लाख राशन कार्ड पंजीकृत है। जिसमें सोलह लाख 72718 सदस्य है। नए नियम के अनुसार सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाना हैं। अब तक जिले में तेरह लाख 42824 कार्ड बनाए जा चुके हैं। अफसरों की माने तो शिविर के जरिए शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने की योजना है। ऐसे में लोगों को शिविर मे जोडने पांपलेट देकर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### ऐसे बनेगा घर बैठे आयुष्मान कार्ड

राज्य शासन ने अब घर बैठे आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना शुरू कर दी है। इसके लिए हितग्राही को आयुष्मान कार्ड एप या आधार फेस आरडी एप डाउनलोड करना होगा। जिसके बाद स्टेट का चयन करना होगा, फिर राशन कार्ड के विकल्प पर जाना होगा। फिर जिला चुनने के बाद राशन कार्ड नबंर दर्ज करे। तीसरे चरण में परिवार के सदस्यों की जानकारी अपने आप ही प्रदर्शित होगी। जिनके नाम का कार्ड बन गया हैं। वह हरा रंग का दिखेगा, जिनका नही बना वह नारंगी रंग का होगा। जिनका नही बना हैं, उनके नाम के डीओ ई-केवाईसी विकल्प प्रदर्शित होगा। आगे चार विकल्प दिखेगे, जिसमें आधार ओटीपी, फिंगर प्रिंट, आई स्कैन व फेस स्कैन होगा। आधार में मोबाइल लिंक होगा तो यही नंबर दर्ज करे, फिर अपना फोटो कैप्चर करे। अंत में सबमिट करने के बाद कार्ड डाउनलोड कर निकाला जा सकेगा।

### मिलेगा लाभ

केन्द्र की योजनाओं के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी अनुसार संभवत पन्द्र तारीख बताई गई है। फिलहाल तिथि आगे पीछे हो सकती है।
-अनिल शुक्ला, नोडल अधिकारी, दुर्ग

# जमीन पर कब्जे की थाने में की शिकायत, दोनों पक्ष तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आवेदक जसविन्दर सिंह पिता जगीर सिंह उम्र 46 वर्ष, निवासी गुरुनानक नगर दुर्ग तहसील द्वारा उनके चचेरे भाई परविन्दर सिंह पिता परमजीत सिंह निवासी गुरुनानक नगर के नाम दर्ज जमीन पर अन्य द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत मोहन नगर थाने में की गई है। उन्होने बताया कि, ग्राम सिकोला प.ह.नं. 57. खसरा नंबर 202/17 का टुकड़ा रकबा 0.50 डिसमिल है, जो कि 24 मार्च 1995 से हमारे हक व कब्जे पर है। जिसे मोहम्मद फिरोज राठौर पिता अब्दुल सत्तार राठौर निवासी केलाबाड़ी द्वारा भूमि खसरा नंबर 202/366 रकबा 1. 0400 हेक्टेयर भूमि स्थित है कि उपरोक्त व्यक्ति फिरोज राठौर पिता अब्दुल सत्तार राठौर द्वारा अपनी उक्त भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य करवाया गया है, जिसमें उक्त व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत तरीके से (आवेदक) मेरी भूमि पर अवैध कब्जा जमाने की नियत से बाउण्ड्रीवाल करवा दिया गया है। जब मेरे द्वारा उक्त व्यक्ति से उक्त संबंध में बात करना चाहो तो उक्त व्यक्ति मुझे धमकी देने लगता है और कहता है कि, उक्त भूमि मेरी है मेरे कब्जे में है उक्त बाउण्ड्रीवाल नहीं हटाउंगा। जिससे परेशान पीडित ने थाने में लिखित शिकायत की है।

- मोहननगर थाने में की गई कब्जा की लिखित शिकायत

### सीमांकन में नहीं होता उपस्थित

आवेदक जसविंदर ने बताया कि, उक्त भूमि का सीमांकन करवाने कहने पर उक्त व्यक्ति सीमांकन दिनांक को मौके पर उपस्थित नहीं होता है और ना ही उक्त व्यक्ति अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेज पेश करता है। कहता है कि, मेरे पूरे शासकीय कार्यालय में सांठगांठ है मैं बात कर लूगा। तुम लोगो को जो करना कर लो मैं उक्त बाउण्ड्री नहीं हटाउंगा कहकर धमकियां देता है।

## प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें: महापौर

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के लोककर्म विभाग से संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित देते हुए कहा है कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाएं तथा प्रगतिरत कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अंदर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, सभी प्रगतिरत कार्य की समीक्षा के साथ-साथ महापौर निधि, पार्षद निधि और एल्डरमेन निधि, अधोसंरचना 15वें वित्त अन्य मदों के अंतर्गत प्रस्तावित, प्रगतिरत व पूर्ण हो चुके कार्यो की जोनवार तथा मदवार विस्तार से समीक्षा की। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा समयसीमा में अनिवार्य रूप से सभी कार्यों को पूरा करने कहा। अमृत मिशन के कार्यो की जानकारी रिपोर्ट भी मांगी गई। इसके अलावा तालाबों के कार्यो को भी जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। बैठक में अब्दुल गनी, संजय कोहले, दिनेश नेताम, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सुराना महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन, स्पर्धाएं भी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेठ आर. सी. एस. कला एंववाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में विद्यार्थियों के बर्हिमुखी विकास के लिए अनुकूलअवसरउपलब्ध कराने के उद्देष्य से युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत रंगोली, मेंहदी, अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग और व्यंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विविधा यादव, द्वितीय स्थान मोनिका साहू एंव तृतीय स्थान जागेन्द्र कोड़ापे व जीत यादव ने प्राप्त किया। अनुपयोगी वस्तु का प्रयोग प्रतियोगिता में प्रथम छाया पटेल, द्वितीय सानिया व तृतीय स्थान हिमांषी सेन ने प्राप्त किया। इसी क्रम में व्यंजन प्रतियोगता में प्रथम स्थान पायल सेन, द्वितीय छाया चौहान व तृतीय हिमांषी सेन व रिमझिम तिवारी ने प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमजीत कौर, द्वितीय स्थान सानिया एंव तृतीय स्थान रेणुका व सत्या सोनी प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाले अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए ताकि उनके प्रतिभाओं को लोग जानें और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. किरण तिवारी, निधि मिश्रा, डॉ. आयषा अहमद, डॉ. भावना वर्मा, डॉ. रानी शुक्ला एंव पवन दीप कौर थीं। संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला ने किया।

- विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित







### डिलेश्वरी व धनु ने जीते स्वर्ण पदक

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने इंटर कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 06 पदक जीते। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतुदु बे ने बताया कि स्थानीय शंकराचार्य महाविद्यालय में अन्तरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रा कु. डिलेश्वरी ने श्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होनें 50 मीटर बैंक स्ट्रोक, 100 मीटर की फ्रीस्टाईल, 200 मीटर की फ्री स्टाईल में स्वर्ण पदक जीते। महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. धनु ने 2 स्वर्ण पदक और 01 रजत पदक जीता। उन्होनें 200 मीटर आई.एम. एवं 50 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर बटर फ्लाई में रजत पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों का चयन ईस्टजोन स्वीमिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ। स्पर्धा 21 से 23 दिसम्बर को कलिंगा युनिवर्सिटी ऑफ सोशल साईन्सेस भुवनेश्वर मेंआयोजित होगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द तिवारी, डॉ. ऋचा ठाकुर आदि ने बधाई दी।

# वार्डों में संकल्प यात्रा, दी जाएगी केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



शहर के प्रत्येक नागरिक को सरकार की हर एक योजना की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम प्रशासन शहर के हर वार्ड में संकल्प यात्रा चलाएगा। सभी वार्डों में इस यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकारी योजना की जानकारी दी जाएगी, ताकि लोग इसका लाभ उठा सके। 6 दिन तक यह यात्रा चलाई जाएगी। 15 दिसम्बर बोरसी प्रगति मैदान, 16 दिसम्बर गंजमंडी व मठपारा कबड्डी मैदान, 17 दिसम्बर पुलगांव बस्ती सामुदायिक भवन एवं कातुलबोर्ड चौक शासकीय स्कूल, 18 दिसम्बर शक्ति नगर तालाब के पास एवं चंद्रशेखर स्कूल नया पारा, 19 गोवर्धन चौक स्कूल उरला एवं बॉस पारा दुर्गा चौक, 20 दिसम्बर दशहरा मैदान पोटियाकला एवं बैगापारा मिनी स्टेडियम में शिविर का आयोजन किया जाएगा। केंद्र सरकार की योजना के तहत यह यात्रा दिसंबर में दुर्ग पहुंचेगी। कलेक्टर पुर्ष्पेद्र मीणा के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तैयारी के संबंध में निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में नोडल अधिकारी उपआयुक्त एवं सहायक नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता व अधिकारियों को कार्य के अनुरूप जिम्मेदारी सौंपी गई। वार्डो को आज चिन्हित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही यात्रा में सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जो योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को आवेदन भी लेंगे। केम्प 1 एवं केम्प 2 पालियों में आयोजित होगा। केम्प का स्थल, समय अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी का रोस्टर पर तैयार किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और योजना का लाभ ले सके। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में मुनादी भी कराई जाएगी। बैठक में नोडल अधिकारी उपाआयुक्त मोहेंद्र साहू, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, जावेद अली, जितेंद्र समैया, विनोद मांझी, दुर्गेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

- 15 से 6 दिन तक चलाएगी जाएगी यात्रा

**कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने ली समीक्षा बैठक**

# कमजोर संस्थागत प्रसव के प्रकरण में होगी नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संस्थागत प्रसव के प्रकरण में कलेक्टर ने साफतौर पर कहा है कि, अस्सी फीसदी से कम आंकडे मिलने पर सेक्टर अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होने संस्थागत प्रसव के तहत लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि जिले का महत्वपूर्ण दायित्व आपके पास है इस पर लापरवाही न बरते। बैठक के दौरान जिले में गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व किए गए जांच (एएनसी) की गहन समीक्षा की गयी। कलेक्टर द्वारा चतुर्थ प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, चतुर्थ प्रसव पूर्व जांच के आधार पर संस्थागत प्रसव संबंधी अन्य आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके लिए एएनएम व आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को प्रेरित करती हैं। प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली परेशानियों में काफी कमी भी आती और इससे होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। गर्भावस्था की संपूर्ण अवधि के दौरान कम से कम चार बार एएनसी जरूरी है।

- कलेक्टर ने ली विभागीय बैठक



### पंजीयन में तेजी लाने निर्देश

कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव एवं एएनसी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। एएनसी रजिस्ट्रेशन 80 प्रतिशत से कम होने वाले ग्राम पंचायत के सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस जारी करने को कहा। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन को बढ़ाने और स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर गर्भवती महिलाओं को पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में सामने आए कमजोर रिपोर्ट

जानकारी अनुसार प्रदेशभर में संस्थागत प्रसव के दौरान मां और बच्चे की मौत के ज्यादा आंकडे सामने आए है। मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षित प्रसव कराने के निर्देश दिए। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति में बेहतर परिणाम लाने के निर्देश सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में हुई स्वास्थ्यगत कारणों, प्रसव के दौरान नवजात शिशुओं की मृत्यु के प्रकरणों के संबंध में चर्चा की।

# 16 को निकलेगी शहर में श्याम बाबा की निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग में पहली बार दुर्ग-भिलाई एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्री श्याम बाबा के भक्तों द्वारा एक साथ मिलकर 16 दिसम्बर को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी।

निशान यात्रा का आयोजन 16 दिसम्बर सुबह 7 बजे श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा से श्री श्याम मन्दिर कादम्बरी नगर तक निकाली जाएगी। आयोजन समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि हजारों श्याम प्रेमीयों द्वारा बाबा श्याम को अपनी आस्था का एक निशान अर्पण किया जाएगा। यात्रा को लेकर पूरे जिले में भव्य तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 एवं 17 दिसम्बर को श्री श्याम मन्दिरए कादम्बरी नगर दुर्ग का 13वां वार्षिक महोत्सव आयोजित किया गया है। जिसमें निशान यात्रा के साथ साथ देश के भजन गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जावेगी। साथ ही साथ प्रसादी की व्यवस्था भी की जा रही है। निशान यात्रा को लेकर अग्रवाल समाज, राजस्थानी गौड ब्राम्हण समाज, माहेश्वरी समाज, सोनी समाज, खंडेलवाल समाज, सर्व ब्राम्हण समाज आदि मिलकर निशान यात्रा निकालेंगे। आयोजन में रामफल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, किशोरी सिंघानिया, अशोक राठी, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, राहुल शर्मा, लक्की अग्रवाल सहित सैकड़ों श्याम प्रेमी तैयारी में जुटे है।

**खबर संक्षेप**

### प्रलेसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. लक्ष्मीनारायण का व्याख्यान 17 को

**भिलाई।** प्रगितशील लेखक संघ दुर्ग के तत्वावधान में प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रसिद्व साहित्यकार पी लक्ष्मीनारायण के व्याख्यान का आयोजन 17 दिसंबर को दोपहर 3 बजे किया गया है। ,समकालीन सांस्कृतिक परिदृश्य और प्रतिरोध के प्रश्न, विषय पर आयोजित यह वैचारिक आयोजन छग प्रलेसं के महासचिव परमेश्वर वैष्णव के निवास साहित्यांगन 21 ए, सड़क एसपीए सेक्टर 5 में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष नथमल शर्मा करेंगे। विषय प्रवर्तन साहित्यकार लोकबाबू करेंगे। प्रलेसं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पी लक्ष्मीनारायण का प्रादेशिक प्रवास लघुभारत भिलाई से हो रहा है। प्रलेसं भिलाई दुर्ग के सचिव विमल शंकर झा ने बताया कि इस महत्वपूर्व वैचारिक आयोजन में सभी वैचारिक साहित्यिक संगठनों के साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है।

### चरोदा में होगी दीदी मां मंदाकिनी की श्री रामकथा

**भिलाई।** श्री रामकिंकर शिष्य समिति भिलाई -दुर्ग के तत्वावधान में श्री रामकिंकर जन्मशती महोत्सव श्री रामकथा का आयोजन काली मंदिर रोड सामुदायिक भवन चरोदा में 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया जा रहा है। आयोजन में कथा व्यास युगतुलसी श्री रामकिंकर जी महाराज की उत्तराधिकारी दीदी मां मंदाकिनी श्री रामकिंकर होंगी। आयोजन के पहले दिन 28 दिसंबर को सायं 3 से 5 बजे तक भक्ति संगीत के साथ राम नाम जप, राम नाम लेखन, राम नाम संकीर्तन एवं नाम महिमा होगी। वहीं 1 जनवरी को यज्ञ हवन अनुष्ठान एवं दीक्षा समारोह संपन्न होगा। 29, 30 एवं 31 दिसंबर को सांय 5 से 7 बजे तक श्री रामकथा होगी। इससे पहले प्रतिदिन प्रातः 9.30 से 11 बजे तक दैनिक प्रार्थना, भजन, आरती व दर्शन होगा। आयोजन समिति के राजकुमार देवांगन ने सामाजिक चेतना और मूल्यों को स्थापित करने में हमारी अपनी भूमिका को पहचानने व समझने के लिए कथा स्थल पर पधारने का अनुरोध जन सामान्य से किया है।

### मानस गायन का आयोजन 4 से

**सेलूद।** मजार चौक सेलूद में मानस गायन आयोजन समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4, 5 व 6 फरवरी तक तीन दिवसीय सस्वर मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### संत ज्ञानेश्वर की निकाली शोभायात्रा



**भिलाई।** श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज माऊली संजीवन समाधी 16- सोलवा तीन दिवसीय कार्यक्रम का गाजे-बाजे के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संत ज्ञानेश्वर महाराज की आकर्षक झाँकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सेक्टर-1 क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुंची। विजय माहूरकर ने संत ज्ञानेश्वर महाराज पुण्यतिथि महोत्सव गुरुवर सहजानंद महाराज सेवा समिति मंडली द्वारा प्रथम दिन सुबह 9 बजे पूजन कार्य अभिषेक माल्यार्पण के साथ ज्ञानेश्वर महाराज पूजा अभिषेक किया गया।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों का तेजी से होगा विकास

**बीएसपी की विक्रेता विकास सह उत्पाद प्रदर्शनी उद्घाटित**



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) – विकास कार्यालय, रायपुर द्वारा बीएसपी के सहयोग से मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में दो दिवसीय सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया है। उद्घाटन समारोह कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीटीआईसी–दुर्ग, हरीश सक्सेना, संयुक्त निदेशक एवं एचओओ राजीव एस एवं मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार सहित बीएसपी के अनेक अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। बीएसएनएल, एनएमडीसी, पीएनबी, एसबीआई, आरबीआई, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, दुर्ग,ईसीजीसी, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और सिपेट सहित पीएसयू और र बैंकों के प्रतिनिधियों और लघु उद्योग भारती के दुर्गा प्रसाद, डीआईसीसीआई से प्रमोद घरड़े, रजनी घरड़े और आरके बेले तथा बीएसपी एंसिलरी एसोसिएशन रतन दास गुप्ता आदि उद्यमियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। श्री चक्रवर्ती ने उद्घाटन करते हुए कहा कि बीएसपी में एमएमई और विक्रेताओं के लिए उपलब्ध पर्याप्त व्यावसायिक संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एमएसई के विकास को समर्थन देने की अनिवार्यता पर जोर दिया।

इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के तकनीकी सत्र में जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, पब्लिक प्रोक्योरमेंट पलिसी–2012ए वेन्डर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, राज्य सरकार की प्रोक्योरमेंट पलिसी, एनएसआईसी, केवीआईसी, उद्यम रजिस्ट्रेशन, एमएसएमई पलिसी, छत्तीसगढ़ में अन्य सार्वजनिक उपक्रमों जैसे एनटीपीसी आदि इकाइयों को जानकारी प्रदान की जा रही है। सत्र के दौरान उत्पादों की क्रय प्रक्रियाजनाओं, त्वरित औद्योगिक विकास तथा आर्थिक विकास के लिए भी सहायता को विशेष महत्व दिया जायेगा। हरीश सक्सेना ने प्रदर्शनी की जानकारी दी और राजीव एस ने स्वागत भाषण दिया। उमेश प्रसाद वअरविंद तिवारी ने धन्यवाद आभार प्रदर्शन व कार्यक्रम का संचालन दामोदर बेहरा द्वारा किया गया।

## बदहाली से जूझ रहे टाउनशिप के हेल्थ सेंटरों में बढ़ें पैरामेडिकल व दवाइयां

# बीएसपी इस्पात क्लबों की तर्ज पर विकसित हों सभी हेल्थ सेंटर

**कर्मी व परिजनों को सेक्टर में ही मिलेगी सुविधा, से.9 का कम होगा लोड**



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वर्षों से मेंटनेंस मांग रहे टाउनशिप के इस्पात क्लबों को मांडल क्लब के रुप में विकसित किए जाने का काम शुरु शुरु कर दिया गया है। इसी तर्ज पर लंबे समय से सुविधाओं और संसाधनों की समस्या से जूझ रहे बीएसपी हेल्थ सेंटरों के विकसित किए जाने की मांग उठ रही है। सभी सेक्टरों के स्वास्थ्य केंद्रों के अपडेट हो जाने से सेक्टरवासियों को परेशानी से राहत मिलेगी ।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप के सभी इस्पात क्लबों को मांडल क्लब के रुप में कायाकल्प किए जाने की पहल शुरु कर दी गई है। प्रारंभ मंगलवार को सेक्टर 7 इस्पात क्लब और सेक्टर 4 इस्पात क्लब से की गई है। यूनियनों के मुताबिक अन्य सेक्टरों के क्लबों को भी इसी तरह मांडल क्लब के रुप में विकसित किए जाने की योजना है। इसके तहत इस्पात क्लबों में अधिकारियों के स्टील क्लब व भिलाई क्लब की तरह बैडमिंटन कोर्ट, टेनिस कोर्ट, स्वीमिंग पूल व बार आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। पचास साल पुराने जर्जर हो चुके इस्पात क्लबों का लंबे समय से मेंटनेंस नहीं होने से कर्मचारियों की सामाजिक, सांस्कृतिक व स्पोर्ट्स आदि के लिए भारी परेशानी होती है। यूनियनों द्वारा लंबे समय से इनके कायाकल्प की मांग की जा रही थी। हरिभूमि ने भी कई बार इस ओर प्रबंधन का ध्यानाकर्षण किया । अब बीएसपी द्वारा सभी क्लबों की मरम्मत और सर्वसुविधायुक्त बनाए जाने की पहल से सभी सेक्टरों के हेल्थ सेंटरों को भी अपडेट किए जाने की मांग की जा रहा है। स्टील श्रमिक यूनियन इंटक के जीएस संजय साहू ने बताया कि चिकित्सा सुविधाओं से जूझ रहे सभी हेल्थ सेंटरों का कायाकल्प हो जाने से संबंधित सेक्टरों के लोगों को अपने ही घर के पास पहले की तरह प्राथमिक स्वास्थ्य मुहैया हो सकेगी वहीं सेक्टर नौ मेन हास्पिटल का भी वर्क लोड कम होगा।

**स्टाफ व दवाइयों का टोटा**

बीएसपी टाउनशिप के 60 के दशक में निर्माण के समय सभी सेक्टरों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ सेंटर का निर्माण किया गया था। उद्देश्य कर्मियों व परिवार को सर्दी जुकाम, मलहम पट्टी आदि प्राथमिक सुविधाओं के लिए सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल जाने की परेशानी न हो सन 2000 के तक इनमें स्टाफ व दवाइयों आदि की भरपूर सुविधाएं थीं। लेकिन इसके बाद मेनपावर कम होने और सेल प्रबंधन के हाथ खींच लेने से चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ आदि संसाधनों के साथ दवाई की उपलब्धता का ग्राफ निरंतर गिरता गया। सभी हेल्थ सेंटरों के भवन में नियमित संधारण नहीं होने से जर्जर हो चले हैं। सर्दी खांसी व बीपी शुगर की सामान्य दवाइयां लेने भी अब मरीजों को सेक्टर नौ हास्पिटल जाने मजबूर होना पड़ रहा है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि बच्चों, महिलाओं व रिटायर लोगों को से. 9 हास्पिटल जाने आने में दिक्कत होती है। जर्जर हेल्थ सेंटरों में पर्याप्त डा. व पैरामेडिकल स्टाफ व संधारण हो जाने से संबंधित सेक्टर के लोगों को अपने हेल्थ सेंटर में ही चिकित्सा सुविधा मिलने के साथ सेक्टर 9 अस्पताल का भी वर्कलोड कम होगा।

**बंद हो चुके कई हेल्थ सेंटर**

पिछले दस साल के दौरान टाउनशिप के आधा दर्जन हेल्थ सेंटरों को बंद कर दिया गया है। इससे संबंधित सेक्टरों के लोगों को सेक्टर नौ हास्पिटल जाना पड़ रहा है। इससे मेन हास्पिटल में वर्कलोड भी बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक सबसे पहले 15 साल पूर्व खुर्सीपार बीएसपी हेल्थ सेंटर को प्रबंधन द्वारा बंद किया गया। इसके बाद सेक्टर 7 हेल्थ सेंटर बंद कर यहां रिटायर कर्मियों के सेल पेंशन निपटान का कार्यालय खोल दिया गया है। फिर सेक्टर 10 के हेल्थ सेंटर को बंद किया गया, जिससे आफिसर्स भी प्राथमिक उपचार के लिए सेक्टर 9 हास्पिटल जाते हैं। सेक्टर 10 के बाद सेक्टर 3 हेल्थ सेंटर बंद हुआ और वर्तमान में यहां इंटक आफिस संचालित है। इसी तरह सबसे पुराने सेक्टर 6 हेल्थ सेंटर को कोविड टेस्ट सेंटर बनाने के बाद महामारी खत्म होने के बाद बीएमएस यूनियन के कार्यालय के लिए अलाट किया गया है। रायपुर नाका हेल्थ सेंटर तो कई साल पहले बंद किया जा चुका है।

## बीएसपी के श्रमिकों को सभी गेट से आवाजाही की मिले अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग प्रबंधन से की है। औद्योगिक संबंध विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित को सौंपे ज्ञापन में ठेका मजदूरों बीएसपी के सभी प्रवेश द्वारों से प्रवेश की अनुमति दि जाने की मांग की है। यूनियन ऑफिस की बैठक में श्रमिकों द्वारा लगातार मांग की जा रही है कि बीएसपी कर्मचारियों की तरह ठेका श्रमिकों को भी बीएसपी के सभी प्रवेश द्वार से आने-जाने की सुविधा प्रदान की जाए। .यूनियन के महासचिव संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों को ईएसआईसी हॉस्पिटल जाने एवं आईआर विभाग में जाने के लिए सिर्फ एक प्रवेश द्वार की अनुमति होने के कारण अन्य प्रवेश द्वार से आने-जाने नहीं दी जाती, जिसके कारण उन्हें उतई से घूम कर, आना जाना पड़ता है सभी प्रवेश द्वार से आने-जाने की अनुभूति होने पर सभी श्रमिकों को सुविधा होगी।

■ स्टील ठेका यूनियन ने आईआर को सौंपा ज्ञापन

**लगें लाइट एवं सीसीटीवी**

बीएसपी में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों जो दूर से आते हैं लेकिन अनुमति नहीं होने के कारण अपनी मोटरसाइकिल जोरा तराई के 17 नंबर प्रवेश द्वार के बाहर रखते हैं लेकिन रात्रि पाली में वहां पर अंधेरा एवं कोई सुरक्षा नहीं होने के कारण आए दिन मोटरसाइकिल एवं उसके पार्ट्स चक्का एवं पेट्रोल, की चोरी होते रहती है इसलिए वहां पर लाइट एवं सीसीटीवी लगे जाए जिससे कि श्रमिकों की गाड़ियों को नुकसान होने से बचाया जा सके। जोरातराई प्रवेश द्वार से 17 नंबर प्रवेश द्वार के बीच पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण अंधेरा रहता है जिस की दुर्घटना की आशंका हमेशा बने रहती है । यहां पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था लगाने की मांग स्थित ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा प्रबंधन से की गई है। प्रतिनिधि मंडल में संजय कुमार साहू सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, मनोहर लाल आर दिनेश गुरुदेव साहू जसबीर सिंह सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

डॉ. खूबचंद बघेल शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 में विश्व मानवाधिकार दिवस पर आईक्यूएसी प्रभाग और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय सेमिनार 'मानवाधिकार एवं संवैधानिक मौलिक अधिकारों की महत्ता' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर के विधि संकाय की प्राध्यापिका डॉ. जाली चटर्जी ने मानवाधिकार एवं संवैधानिक मौलिक अधिकारों के महत्व पर तुलनात्मक वक्तव्य दिया एवं आर्टिकल 30 पर विस्तार से समझाया । प्राचार्या डॉ. रीनामजुमदार ने मानव कल्याण संघ गरिमा के लिए मानवाधिकारों की उपयोगिता पर छात्रों को प्रेरक संबोधन दिया। आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. मनीष कालरा ने बताया कि मानवाधिकारों के माध्यम से हर व्यक्ति को स्वतंत्रता और समानता से गरिमामय जीवन सम्भव हो पा रहा है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष मंजूदालेकर के कार्यक्रम सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम संचालन सहा प्रा. समाजशास्त्र उमा आडिल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. भारती सेठी, डॉ. शौलेन्द्र ठाकुर, डी रमेश त्रिपाठी, डॉ. रेणु वर्मा, डॉ. श्रीकांत प्रधान, दिनेश देवांगन, खोमन बंछोर, डॉ. पूजा यादव आदि उपस्थित थे।

## सीएम साय को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

भिलाई केन डू पर्वत फांउडेशन व युवा भाजयुमो नेता अतुल पर्वत ने राजधानी रायपुर पहुंचकर छग प्रदेश के भाजपा के नवनियुक्त सीएम विष्णुदेव साय को सीएम बनने पर पुष्पगुच्छ भेंटकर के उन्हें बधाई दी और उनके उज्वव भविष्य की कामना की। भाजपा के संगठन एवं आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी 11 की 11 सीटें पीएम मोदी की झोली में डालने के लिए भाजयुमो ने अपनी कमर कस ली है।



**सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति**

## स्कूली बच्चे हुए पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

चरोदा स्थित रेल सांस्कृतिक भवन जोन 1 में संविधान दिवस महोत्सव मनाया गया। रेलवे स्कूल के बच्चो ने संविधान के महत्व को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुति दी। इस दौरान स्कूली बच्चो को धम्म सेवा समिति चरोदा ने पुरस्कृत किया। धम्म सेवा समिति चरोदा ने द.पु.म. रेलवे स्कूल चरोदा में 14 बच्चो को स्कूल असेम्बली में धम्म सेवा समिति व स्कूल प्राचार्य डी लक्ष्मी, योगेश धावले समेत सभी स्टाफ की उपस्थिति पुरस्कार वितरण किया। पुरस्कार कु भार्या साहू, कु प्रणीता मेहरा,वाय चैतन्य, कु रश्मि कुर्रे, कु हेमलता, चैतन्य टंडन , आयुष , आशीष, मनीष कुमार , कु सूफी खातून , हीनल वर्मा, कीर्ती देवांगन, कु तृषा बंजारे , पूर्वी चौहान को दिया गया। रेलवे स्कूल के प्राचार्य डी लक्ष्मी व धम्म सेवा समिति चरोदा से के एल गेडाम , आयु सितेन्द्र गजभिए, दीपा लोखंडे, आयु शैलेश लोखंडे , सतीश मेश्राम ,अधिवक्ता आर रंगारी ने रेलवे स्कूल के बच्चो को पुरस्कृत किया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो की तैयारी से लेकर रेलवे स्कूल के अध्यापक योगेश कुमार धावले अहम भूमिका रही है।

## एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 6 विकेट से जीता मैच



**भिलाई।** स्वर्गीय गोविंद चौहान स्मृति एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड में किया जा रहा है। जिसके आयोजक गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी द्वारा किया जा रहा है। वहीं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन सत्या एवं गीता डेवलपर्स भिलाई एवं सीता राइस मिल दुर्ग के बीच 13 दिसंबर को मैच खेले गए। टीम राजेंद्र क्रिकेट अकादमी भिलाई एवं एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर के बीच खेला गया। जिसमें एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर ने यह मैच 6 विकेट से जीता। टॉस एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी ने जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी राजेंद्र क्रिकेट अकादमी 46.01 ओवर में 243 रनों पर ऑल आउट आकांशु केवट 62 रन अर्पित श्रीवास्तव 57 रन सौगात लहरे एवं शिवम सिंह ने 34 -34 रन बनाएं। मैच के मैन ऑफ़ द मैच ऋषि शर्मा रहे, जिन्हें सत्या एवं गीता डेवलपर्स के नील सिंह एवं राजेंद्र क्रिकेट अकादमी के कोच राजेंद्र सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चौहान क्रिकेट अकादमी के विराज चौहान, राहुल सिंह, आकाश सिंह, प्रेमनाथ आदि उपस्थित थे।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## गोविंद चौहान स्मृति क्रिकेट में रायपुर की छह विकेट से जीत

**रायपुर।** स्वर्गीय गोविंद चौहान स्मृति एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड सेक्टर-7 में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने को मिला। गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में टीम राजेंद्र क्रिकेट अकादमी भिलाई एवं एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर ने यह मैच 6 विकेट से जीता। टॉस एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी ने जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में राजेंद्र क्रिकेट अकादमी 46.01 ओवर में 243 रनों पर ऑल आउट रही। आकांशु केवट ने 62 रन, अर्पित श्रीवास्तव ने 57 रन,सौगात लहरे एवं शिवम सिंह ने 34 -34 रन बनाएं। गेंदबाजी में एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी के प्रतीक यादव ने तीन विकेट, ऋषि शर्मा एवं अमन तिवारी ने दो-दो विकेट लिए। दो खिलाड़ी रन आउट हुए।
बल्लेबाजी में एनएच गोयल क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 46.4 ओवर में चार विकेट पर 247 रन बनाएं। ऋषि शर्मा ने 90 रन बनाएं। दिव्यांश कूलश्रेष्ठ ने नॉट आउट 53 रन और कान्हा चंद्राकर ने नॉट आउट 51 रन बनाए। गेंदबाजी में राजेंद्र क्रिकेट अकादमी के नमन अग्रवाल ने दो विकेट, विशाल सिंह और एवं सौगात लहरे ने एक-एक विकेट लिए। आज के मैच के मैन ऑफ़ द मैच ऋषि शर्मा रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, खान लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### नई सरकार से छत्तीसगढ़ को हैं नई उम्मीदें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित देश के कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा के शपथ ग्रहण करने के बाद शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, श्री साय छत्तीसगढ़ में स्व. अजीत जोगी के बाद दूसरे आदिवासी मुख्यमंत्री होंगे। नए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ को नई उम्मीदें हैं। आशा है नई सरकार प्रदेश के वंचित, शोषित, पिछड़े, गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिलाएं, आदिवासियों सहित सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास करेगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा की नई सरकार मोदी ने जो गारंटी दी है, उसको पूरा करेगी और छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई गाथा लिखेगी।

### कैट की प्रादेशिक सभा 19 को

**रायपुर।** कैट की प्रादेशिक सभा 19 दिसंबर को राजधानी में आयोजित है। इसमें व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित करने, जीएसटी सरलीकरण और आने वाले दिनों में व्यापार मेला के आयोजन को लेकर चर्चा होगी। इस मौके पर स्नेह सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश की सभी जिला इकाइयों के पुनर्गठन पर मंत्रणा की जाएगी। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने बताया कैट की प्रादेशिक सभा और स्नेह सम्मेलन की तैयारी को लेकर कैट पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। प्रादेशिक सभा व स्नेह सम्मेलन में कैट और युवा टीम के पदाधिकारी, सभी जिला इकाइयों से पदाधिकारी सहित सभी व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर आकाश विग ने किया स्वागत



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रदेश में नवनियुक्त मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राजधानी रायपुर पहुंचे। उनका स्वामी विवेकानंद विमानतल पर भाजपा नेता आकाश विग ने स्वागत कर अगवानी की।

### रासेयो के स्वयंसेवकों ने की स्कूल में साफ-सफाई

**रायपुर।** शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनेली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विषय नशामुक्त समाज के लिए युवा था। शिविर में 73 स्वयंसेवक शामिल हुए। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की और किचन गार्डन बनाया। शिविर में अमानत फाउंडेशन का भी सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत साहू और शशिबाला किंडो शामिल हुईं।

### विजय शर्मा का जिला पंचायत सदस्य से लेकर डिप्टी सीएम तक का सफरनामा

**रायपुर।** कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। श्री शर्मा ने कबीरधाम जिला पंचायत के सदस्य से लेकर उपमुख्यमंत्री पद तक का सफर तय किया है। विधानसभा चुनाव में पहली बार कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने हैं। श्री शर्मा मूलतः कवर्धा के निवासी हैं। उनका जन्म एक किसान परिवार में हुआ। भौतिकशास्त्र में स्नातकोत्तर श्री शर्मा ने इसके साथ ही इंग्लिश लैंग्वेज में डिप्लोमा लिया। उन्होंने छात्र जीवन से ही सार्वजनिक जीवन में कदम रख लिया था। डिप्टी सीएम बने श्री शर्मा क्रिकेट, पर्यटन, कविता पाठ एवं भाषण में गहन रुचि रखते हैं। क्रिकेट में वे राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में हिस्सा ले चुके हैं और एथलेटिक्स में भी उन्होंने पुरस्कार जीते हैं।

# एक-दो दिनों में हो सकती है प्रशासनिक सर्जरी, सचिव से लेकर कलेक्टर-एसपी की बारी

## कई विभागों में अभी भी संविदा अफसर पद पर बने हुए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व वाली नई सरकार गठन के बाद अब जल्द ही बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होने की संभावना है। राज्य के प्रशासनिक हल्कों में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि अब पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत मंत्रालय में पदस्थ सचिव स्तर के अधिकारी, जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बदलने की बारी है। वैसे भी सरकार में बदलाव के साथ ही प्रशासनिक सर्जरी की जाती है।

**डीजीपी पद के ये हैं दावेदार:** उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार सरकार बदलने के बाद होने वाली प्रशासनिक सर्जरी में राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को अगर बदला गया, तो उनके स्थान पर 1990 बैच के आईपीएस राजेश मिश्रा नए डीजी हो सकते हैं, क्योंकि वरिष्ठता क्रम में सबसे आगे हैं। वर्तमान में वे स्पेशल डीजी एफएसएल के पद पर कार्यरत हैं।

### 29 अधिकारियों की सूची तैयार

भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें, तो राज्य में आईएएस और आईपीएस कैडर के 29 अधिकारियों को उनके पद से हटाने के लिए सूची पहले ही तैयार कर ली गई थी। अब नई सरकार बनते ही माना जा रहा है कि इन अधिकारियों को हटाने और उनकी जगह नए अधिकारियों की पदस्थापना का आदेश जारी किया जाएगा। अभी ये साफ नहीं है कि इन अधिकारियों में कितने कलेक्टर और एसपी हैं।



### सचिव और संविदा अफसर भी

राज्य की नौकरशाही के जानकारों का कहना है कि मंत्रालय में पदस्थ सचिव तथा उससे उच्च स्तर के कुछ अधिकारियों को भी बदला जाना तय है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि इस स्तर पर कौन से अधिकारी होंगे, लेकिन साथ ही जानकार ये भी मानते हैं कि मुख्य सचिव अमिताभ जैन अपने पद पर फिलहाल बने रहेंगे। इसी क्रम में यह जानकारी भी है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संविदा आधार पर नियुक्त किए गए सेवानिवृत्त अफसरों को नई सरकार तत्काल उनके पदों से हटाएगी। उल्लेखनीय है कि चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे पहले पूर्व आईएएस डॉ.आलोक शुक्ला ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था, लेकिन कई विभागों में अभी भी संविदा अफसर पद पर बने हुए हैं।

### 12-13 जिलों के कलेक्टर, एसपी बदलेंगे

यह भी कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के कम से कम 12-13 जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों को बदलने का आदेश जल्द जारी हो सकता है। सूत्रों के अनुसार चुनाव परिणाम आने के बाद से इस बात की चर्चा शुरू हो गई थी कि जिलों के कलेक्टर-एसपी के पदों पर बदलाव होगा। पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय सरकार के अनुकूल रहने वाले अधिकारियों की पदस्थापनाएं की गई थीं। हालांकि चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कुछ कलेक्टर-एसपी को हटाया गया था।

## स्पर्धा : 19 बच्चों का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन

# राष्ट्रीय खेल उत्सव में डीएवी स्कूल जांता ने जीते कई पदक रहा दबदबा




हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जिले के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के बच्चे अंडर-14 एसीसीएल पब्लिक स्कूल गेवरा कोरबा, अंडर-17 डीएवी कुसमुंडा कोरबा व अंडर-19 गेवरा कोरबा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल उत्सव में भाग लिया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख डिप्टी रीजनल ऑफिसर क्षेत्रीय अधिकारी व नेशनल स्पोर्ट्स छत्तीसगढ़ जोनल कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार रहे।

■ अंडर 19 बालिका व अंडर 14 बालक कबड्डी नेशनल के लिए चयनित

### 2400 बच्चों ने लिया भाग

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 29 जिलों के 96 स्कूलों के लगभग 2400 छात्र-छात्राओं ने 30 विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, दो दिवसीय खेल आयोजन में तीन स्तरों के बच्चों का खेल आयोजन रखा गया था। पहला अंडर 14, दूसरा अंडर 17 व तीसरा अंडर 19। इन तीनों स्तरों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल समापन समारोह में प्रशांत कुमार, खेल विभाग के क्लस्टर प्रमुख डॉ. बीपी साहू के साथ सभी क्लस्टर इंचार्ज भी उपस्थित रहे।

### गोल्ड मैडल लाकर किया गौरान्वित

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि दो दिवसीय तीनों स्तर के खेलों में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें अंडर 19 कबड्डी बालिका प्रथम, अंडर 14 कबड्डी बालक प्रथम, अंडर 17 कबड्डी बालिका द्वितीय उपविजेता, अंडर 19 बालिका 800 मी. दौड़ ठगेश्वरी द्वितीय, लॉन्ग जंप नीलम अंडर 19 थर्ड, इस तरह से कुल 5 खेलों में डीएवी जांता ने प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें गोल्ड मैडल व सिल्वर मैडल लाकर बच्चों ने जिले एवं स्कूल का गौरव बढ़ाया। अब वे राष्ट्रीय खेल में भाग लेने यूपी गाजियाबाद जाएंगे।

### मैडल प्रदान कर सम्मानित किया

दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यअतिथि प्रशांत कुमार ने कहा कि हमारे छात्र छात्राओं ने संभागीय और राज्य स्तरीय उपलब्धियां अर्जित कर विद्यालय परिवार को गौरव प्रदान किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे ओर आने का आह्वान करते हुए राष्ट्रीय स्तर के खेल में भी विजयी होने की शुभकामनाएं दी। इस के अलावा उन्होंने विजयी प्रतियोगियो को पदक व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। डीएव्ही स्कूलों के सभी छः क्लस्टरो के खेल प्रभारी (क्लस्टर इंचार्ज) प्राचार्य सहित विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# ऊर्जा संरक्षण के लिए बच्चों ने लिखे स्लोगन बनाए चित्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में उर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम- अपने बेहतर कल के लिये आज ही उर्जा बचाएं, पर शाला के प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा नाट्य मंचन किया गया तथा माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों ने चित्र कला एवं स्लोगन लेखन द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये और उर्जा संरक्षण के महत्व को दर्शाया। इस उपलक्ष्य में शाला के सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने शाला प्रांगण से नया बस स्टैण्ड तक रैली के माध्यम से लोगों को उर्जा संरक्षण के बारे में जागरुक कराया इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षकगण एवं स्कूल की प्राचार्या सुदेशा चटर्जी मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में शाला की प्राचार्या सुदेशा चटर्जी ने उर्जा का महत्व को बताते हुए, बच्चों को उर्जा संरक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय उपलब्धियों से अवगत कराया, तथा उर्जा संरक्षण को अपने दैनिक जीवन में अभ्यास के रुप में उतारने की प्रेरणा दी।

■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता के लिए निकाली रैली

### सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में चावल जमा होना शुरू धान की आवक में भारी तेजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के साथ ही अब सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में चावल जमा होना शुरू हो गया है। बताया गया है कि चार जिलों में 3 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल जमा किया गया है। खास बात ये है कि राज्य सरकार को सेंट्रल पूल के लिए 61 लाख मीट्रिक टन चावल तैयार कर दिया जाना है। अब तक राज्य से केवल अरवा चावल लिया जा रहा है। राज्य में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने के बाद ये संभावना है कि उसना चावल की भी मांग केंद्र से आ सकती है।

## मुख्यमंत्री की हरी झंडी से शुरू होगी राज्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्र सरकार की बीस योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी के साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी-शुगर की जांच के साथ स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान करेंगे।

रथयात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर की जाएगी। इसके लिए उनके द्वारा तारीख दिए जाने का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 जनवरी तक संचालित होगी। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्र व्यापी स्तर पर जागरूकता लाना है। यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित 20 तरह की योजनाओं की उपलब्धि पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा। इसके साथ नौ साल की उपलब्धियों को गिनाने के साथ उसी स्थान पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाएगी। टीबी, एनसीडी, सिकलसेल, एनिमिया और बीपी-शुगर से प्रभावितों की जांच भी की जाएगी। संकल्प रथ के माध्यम निक्षय मित्र का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## सुनील सोनी ने कहा- सांसदों की सावधानी से पकड़े गए युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा में हुई घटना के समय रायपुर सांसद सुनील सोनी भी संसद में उपस्थित थे। उन्होंने घटना के बारे में बताया, शून्य काल का समय था, अचानक जब दर्शक दीर्घा से कूदे दो युवकों ने पूरे सदन को सकते में डाल दिया। जिस समय युवकों ने प्लास्टिक की किसी शीशी को फोड़कर धुंआ किया, मैं भी वहां पर मौजूद था। कुछ समझ ही नहीं आया कि क्या हो रहा है। सांसदों की सावधानी के कारण युवकों को पकड़ लिया गया।

श्री सोनी ने बताया, घटना करीब 1 बजे के आसपास की है। उस दौरान वे खुद डेस्क पर मौजूद थे। शून्य काल समाप्त होने में महज कुछ ही मिनटे बचे थे, जब अचानक दर्शकदीर्घा से दो युवक नीचे कूद गए। कूदने के बाद एक युवक ने अपना जूता खोला। उसके बाद कुछ निकाला, पट से आवाज आई और धुंआ-धुंआ हो गया। फिर दूसरा युवक भी कूदा और उसने भी ऐसा ही किया, जिससे सदन लाल और पीले रंग के धुंए से भर गया। इसके बाद सांसदों ने घेरकर युवकों को दबोच लिया।

## नवा रायपुर के भूमि प्रभावित किसानों में बहुतों को किस्त की राशि नहीं मिली, कुछ को आधा-अधूरा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के भूमि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि की किस्तें मिल नहीं पा रही हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने प्रभावित किसानों को सालाना किस्त के रूप में मुआवजा राशि देने का प्रावधान किया था। इसके तहत किसानों को हर साल दीपावली के दौरान मुआवजा का भुगतान भी किया जाता है।

इस साल दिवाली में भी कई किसानों को 20-20 हजार रुपए मुआवजा राशि बांटी गई, लेकिन कई किसानों को मुआवजा राशि ही नहीं मिल पाई है। जिन किसानों को मुआवजा राशि बांटी गई उनमें भी कईयों को आधी-अधूरी राशि का भुगतान किया गया है। ऐसे किसानों को अब नई सरकार के गठन का इंतजार हैं, क्योंकि नवा रायपुर को बसाने की शुरूआत भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हुआ था।



***मुआवजे पर आचार संहिता का असर :*** दिवाली में मुआवजा की किस्त नहीं मिली ऐसे ही कुछ किसानों ने बताया है कि दिवाली में एनआरडीए ने कई प्रभावित किसानों को 20-20 हजार रुपए की मुआवजा राशि उनके खातों में ट्रांसफर किया है, लेकिन उन्हें यह राशि नहीं मिल पाई है। इसकी वजह नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के अधिकारी विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगना बताए है। उनका कहना है कि जिन किसानों को इस दिवाली में मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें नई सरकार गठन के बाद फंड जारी होते ही दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने छग की टीम कोच्चि रवाना

**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में केरल जूडो संघ की ओर से राजीव गांधी इनडोर स्टेडियम कोच्चि में 15 से 18 दिसंबर तक राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की सब जूनियर जूडो टीम भाग लेगी। स्पर्धा में हिस्सा लेने प्रदेश की टीम कोच्चि के लिए रवाना हुई। इसमें बालक वर्ग में दिलीप कुमार मंडावी, ईशान बोई, देव जीत सिंह, पीयूष कुमार साहू, अभय यादव, अरविंद मानिकपुरी, ओम साहू, अभिषेक अभिषेक नियोगी, मानिक दत्त शामिल है।

## भाजपा ने जो वादा किया है, उसे जरूर पूरा करेगी छत्तीसगढ़ की नई सरकार

**रायपुर।** विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने देशभर के राजनेता रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत रायपुर पहुंचे। यहां पर संवाददाताओं के सवालों का जवाब भी दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, यह बहुत ही बड़ी भव्य विजय थी। मैं छत्तीसगढ़ की जनता को प्रणाम करता हूं। मैं भरोसे के साथ कह रहा हूं कि भाजपा ने जो भी वादा छत्तीसगढ़ वासियों के लिए किया था, वो जरूर पूरा करेंगे।

## परीक्षा 17 दिसंबर से होगी आयोजित

# हेमचंद यूनिवर्सिटी ने जारी किया पीएचडी परीक्षा का प्रवेश पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 14 दिसबंर को दोपहर 12 बजे से जारी कर दिया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया पीएचडी प्रवेश परीक्षा 17 दिसंबर को कल्याण पीजी कॉलेज, भिलाई नगर में सुबह 11 से 1 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों को 10:15 बजे तक परीक्षा केन्द्र में विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र एवं आईडी प्रूफ के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। यूजीसी के नियमानुसार नेट/सेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने से छूट की पात्रता होगी। विश्वविद्यालय में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 184 अभ्यार्थियों को नेट/सेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण होने के कारण प्रवेश परीक्षा से छूट प्रदान की गई है।



### इन 19 विषयों में होगी परीक्षा

यूनिवर्सिटी द्वारा 19 विषयों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। इन विषयों में हिन्दी, अंग्रेजी, वाणिज्य, एजुकेशन, बायोटेक्नॉलाजी, माइक्रोबायोलॉजी, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायन, भौतिकी, गणित, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, होमसाइंस, भूगर्भशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषय शामिल है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि जिन आवेदकों का प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया है वें विश्वविद्यालय में आकर अपनी शंका समाधान कर सकते हैं।

### टर्शरी प्लांट निर्माण में फंड का टोटा, 20 करोड़ की स्वीकृति के लिए महीनों इंतजार

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के टर्शरी प्लांट निर्माण लगाने में फंड का रोड़ा आ गया है। नगर निगम ने राज्य शासन के पास एसटीपी के उपचारित जल का पुनः उपयोग करने टर्शरी प्लांट लगाने 20 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा, पर महीनों बीतने के बाद शासन स्तर पर इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई, जबकि पंद्रहवें वित्त आयोग से 20 करोड़ रुपए टर्शरी प्लांट के लिए स्वीकृत हैं। शहर की जीवन दायिनी खारुन नदी में राजधानी और उसके आसपास स्थित 17 बड़े नाले और नालियों का गंदा पानी नदी में जाने से नदी का पानी दूषित हो रहा है। इसे दूषित होने से बचाने मिशन अमृत के तहत रायपुर नगर निगम ने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया है।

